Когда в предложении имеются два и более причастий с суффиксом वाला, выполняющих однородную функцию, суффикс वाला обычно ставится один раз после последнего инфинитива, например: रेशमी कपड़े बनाने और रँगनेवाले कारख़ाने 'шелко-ткацкие и красильные фабрики' (букв. 'шелковую ткань изготовляющие и красящие фабрики').

Если в предложении кроме причастия с суффиксом वाला имеются и другие определения, то определение, выраженное причастием, предшествует им, например: विदेशों को जानेवाले बहुत से जहाज़ 'очень много кораблей, отправляющихся за границу'.

УПРАЖНЕНИЯ

अभ्यास

1. Напишите на хинди.

हिन्दी में लिखिये।

Двести семьдесят восемь тысяч шестьсот шестьдесят девять; десять тысяч семьсот пятьдесят восемь; семь миллионов восемьсот пятьдесят тысяч девятьсот пятьдесят восемь; сто семьдесят три тысячи пятьсот пятьдесят пять; два миллиона шестьсот семьдесят девять тысяч триста два; шесть тысяч семьсот тридцать четыре; тысяча девятьсот шестьдесят пять; четыреста двадцать третья комната; двести семнадцатый дом; триста шестая аудитория.

2. Переведите.

रूसी में अनुवाद कीजिये।

पैंतीस लाख सरसठ हज़ार नौ सौ पचहत्तर; छप्पन सौ अड़सठ; सरसठ लाख चौवन हज़ार आठ सौ अस्सी; उनचास लाख उनसठ हज़ार चौंतीस; उन्नीस सौ छियासठ; अठारह सौ इकतीस; छत्तीस लाख; अट्ठाईस लाख बहत्तर हज़ार सात सौ बावन; साठ हज़ार दो सौ अड़तीस; बयालीस सौ छब्बीस; साढ़े छः लाख; तिरपन लाख इकसठ हज़ार पाँच; अस्सी लाख पचास हज़ार साढ़े पाँच सौ; सतहत्तर लाख उन्नासी हज़ार छः सौ बाईस; उनतालीस लाख अड़तीस हज़ार पचपन; चौहत्तर लाख बासठ हज़ार चार सौ चौवन।

3. Переведите предложения и объясните употребление местоимений.

निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद करके सर्वनामों का प्रयोग समझाइये।

(१) द्वार पर कोई खड़ा है। (२) कोई दस मिनट के बाद आइये। (३) सब कोई कहते हैं कि वह अच्छा विद्यार्थी है। (४) हर किसी के लिये यह जानना ज़रूरी होगा। (५) किसी और ने आपको बुलाया। (६) इस कमरे में कोई और लोग रहेंगे। (७) कोई दूसरा लड़का यह काम करेगा। (८) आप जाइये, वहाँ कोई न कोई ज़रूर होगा। (९) कोई कोई यह बात नहीं समझता। (१०) यह किताब किसी भी पुस्तकालय में मिलती है। (११) कुछ लोग आये, कुछ नहीं आये। (१२) पानी में कुछ है। (१३) उसको भी कुछ दीजिये; उसको भी कुछ सब्ज़ी दीजिये। (१४) हमने सब कुछ वापस दे दिया। (१५) सब कुछ समझाने पर भी वह कुछ नहीं समझता। (१६) क्या, भाई, चाय तो है?—हाँ, कुछ कुछ है। (१७) हमें और कुछ दे दीजिये। (१८) कुछ आते थे, कुछ जाते थे और कई द्वार पर खड़े थे। (१९) जिस आदमी ने आप से यह कहा, वह हमारे शिक्षक हैं। (२०) इन सवालों में से किन्हीं पाँच का जवाब लिखिये। (२१) सब

लड़के स्कूल से लौट आये। (२२) आप खुद यह सब जानते हैं। (२३) सारी दुनिया भारत की कामयाबियों के बारे में जानती है। (२४) कमरे में कई लड़के-लड़कियाँ आये हैं। (२५) मेज़ पर कई किताबें पड़ी हैं। (२६) हर एक विद्यार्थी के लिये कल सुबह को इंस्टीट्यूट आना ज़रूरी है।

4. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Дверь открылась, и кто-то вошел в комнату. (2) Дайте мне что-нибудь почитать. (3) На столе ничего нет. (4) Видели вы там кого-нибудь? (5) Там есть кто-нибудь? (6) Почему вы не попросили кого-нибудь помочь вам? (7) В том магазине вы купите любую вещь. (8) Всякий знает, что Индия жаркая страна. (9) Учебник находится в каком-то из этих столов. (10) В этой книге есть несколько хороших иллюстраций. (11) Преподаватель задал нам несколько вопросов. (12) Я читал об этом в какой-то газете. (13) Некоторые деревья круглый год остаются зелеными. (14) Некоторые люди любят крепкий чай. (15) Некоторые из моих друзей говорят на двух иностранных языках. (16) Читали ли вы какие-нибудь его рассказы? — Да, некоторые читал. (17) Этот учебник продается в любом книжном магазине. (18) Никто его не видел. (19) Никто из них не пришел на собрание. (20) Все готово. (21) Возьмите все, что вы хотите. (22) Он позвал нас всех к себе. (23) Дайте ему какую-нибудь другую книгу.

5. Запомните словосочетания.

निम्नलिखित शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

सब समय, सारा समय, н(सारा दिन; सारी रात (शाम, सुबह); सारा साल; सारी दुनिया। सारा देश, सारा नगर (शहर), н(सब देशों (नगरों) में; सारा जीवन।

6. Переведите предложения.

रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) आज शाम को मेरी माता जी आनेवाली हैं। (२) एवरेस्ट पर चढ़ने की कोशिश करनेवाले पर्वतारोही वापस आये। (३) ये औरतें भारत की रहनेवालियाँ हैं। (४) उसने बोलनेवाले से एक सवाल किया। (५) हम से सवाल

करनेवाला लड़का यहाँ है। (६) खेल-कूद करनेवाले बहुत मज़बूत होते हैं। (७) ख़रीदनेवाले ने कैमरे का पैसा दे दिया। (८) इस कारख़ाने में इंजीनियर नये नमूने के जहाज़ बनानेवाले हैं। (९) सफ़र करनेवालों के लिये बहुत सी चीज़ें आवश्यक होती हैं। (१०) हमारे कारख़ाने में काम करनेवालियों के लिये एक नयी दुकान खुल गयी है। अब वे खाने-पीने की चीजें ख़रीदने में ज़्यादा समय ख़र्च नहीं करतीं।

7. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Прошлым летом мы собирались поехать на юг. (2) Отправитель предъявил паспорт. (3) Девушки нашей группы собираются переписываться со студентами из Делийского университета. (4) Это — дом для приезжих. (5) Моя жена собирается купить новое пальто. (6) Он собирался позвонить вчера вечером. (7) Возвращавшиеся в лагерь альпинисты казались очень довольными. (8) Моя сестра собирается заняться спортом. (9) Наш преподаватель собирается поехать в Индию. (10) Напишите полный адрес получателя. (11) Мы задали оратору много вопросов. (12) Мы собираемся лететь самолетом.

ТЕКСТ

पाठ

भारत के नगर

भारत में बहुत से नगर हैं। उनमें कोई छोटे हैं और कोई बड़े। उन में से किसी में पचीस हज़ार आदमी रहते हैं और किसी में पच्चीस लाख। हर एक शहर की अपनी कुछ न कुछ विशेषता है जिस के कारण वह दूर दूर तक मशहूर है। कुछ स्वास्थ्य के लिये अच्छे स्थान हैं। कोई कोई नगर व्यापार के बहुत बड़े केंद्र हैं। हैदराबाद, आगरा, बनारस आदि जैसे पुराने भारतीय नगर अपनी ऐतिहासिक इमारतों के कारण संसार भर में बहुत प्रसिद्ध हैं। दिल्ली नगर जो

आजकल स्वतंत्र भारत की राजधानी है अँग्रेज़ों के समय से भी पहले बहुत से राजाओं और बादशाहों की राजधानी था। इसलिए भारत के इतिहास में उसका बहुत बड़ा महत्त्व है।

आजकल जब कि स्वतंत्र भारत में भारी उद्योग का निर्माण शुरू हो गया है देश के कोने कोने में भिलाई नगर जैसे छोटे बड़े नये शहर दिन ब दिन बस रहे हैं। ऊँचे पहाड़ों पर, नदियों की घाटियों में और देश के सुदूर जंगली इलाक़ों में पत्थर के कोयले, लोहे आदि धातुओं की तलाश करने का कार्य दिन-रात चल रहा है। ये धातुएँ उद्योग के लिए बहुत अच्छे कच्चे माल का काम देती हैं तथा इन खनिज पदार्थों के नये भण्डारों के पास ही नये औद्योगिक केंद्र और नये शहर बढ़ रहे हैं।

अब जब कि भारत के भिन्न-भिन्न भागों में निर्माण-कार्य चल रहा है देश के विदेशों से व्यापारिक संबंध भी बढ़ रहे हैं। भारत चाय, सूती कपड़े, जूते जैसी अपनी चीज़ें बाहर भेजता है और औद्योगिक सामान, काग़ज़, दवाइयाँ, मोटरें और दूसरी चीज़ें बाहर से मँगाता है। विदेशों से सारा भारतीय व्यापार पानी के जहाज़ों के ज़रिये होता है। बंबई, कलकत्ता और मद्रास भारत के प्रमुख बंदरगाह हैं।

बंबई बहुत बड़ा प्राकृतिक समुद्री बंदरगाह है। वह समुंदर के किनारे एक द्वीप पर स्थित है। यह नगर सारे भारत का एक समुद्री द्वार है। विदेशों को जानेवाले बहुत से जहाज़ इस नगर से ही रवाना होते हैं और दूसरे देशों से आनेवाले जहाज़ भी यहाँ भारत की भूमि तक पहुँचते हैं। लाखों करोड़ों रुपयों का माल यहाँ आता है और यहाँ से बाहर जाता है। बंबई भारत भर में रूई का सब से बड़ा बाज़ार भी है। यहाँ रूई का बहुत बड़ा व्यापार होता है। विदेशों तथा देश के दूसरे भागों के लिए रवाना होनेवाले हज़ारों यात्री और दूसरे देशों से आनेवाले लोग कुछ दिनों के लिए यहाँ ठहरते हैं।

लेकिन बंबई समुद्री मार्गों का ही नहीं रेलों तथा सड़कों का भी बहुत बड़ा केंद्र है। नगर से कई मील की दूरी पर सांता क्रूज़ हवाई अड्डा स्थित है जिस पर यात्रियों को लाने और ले जानेवाले हवाई जहाज़ ठहरते हैं। बहुत से हवाई जहाज़ हर दिन यहाँ उतरते और यहाँ से उड़ते हैं। हवाई अड्डे और नगर के बीच बिजली से चलनेवाली रेलगाड़ियाँ भी आती जाती हैं।

इस के सिवा बंबई उद्योग का भी बहुत बड़ा केंद्र है। दिन-रात उसके कारख़ानों और मिलों के ऊपर धुएँ के बादल उठते हैं। वह भारत में सूती कपड़े के उद्योग का एक बड़ा केंद्र है। यहाँ सूती कपड़े की बहुत सी मिलें क़ायम हो गयी हैं। इन में हज़ारों आदमी काम करते हैं। फ़िल्म-उद्योग तो मुख्यतः बंबई में ही केंद्रित है। इस के सिवा यहाँ रेशमी कपड़ा बनाने और रँगनेवाले कई कारख़ाने, कई छोटे लोहे के कारख़ाने और जहाज़ बनानेवाले कारख़ाने भी हैं।

स्वतंत्र भारत में बंबई का महत्त्व और बढ़ गया है। अब वह महाराष्ट्र राज्य की राजधानी है और महाराष्ट्र सरकार के बहुत कार्यालय बंबई में केंद्रित हैं। उसकी जनसंख्या पचास लाख तक पहुँच गयी है। जनसंख्या के विचार से इस नगर का सारे हिंदुस्तान में दूसरा स्थान है। बंबई में मुख्यतः मराठी, गुजराती और पारसी लोग रहते हैं। इस के सिवा भारत के लगभग सभी राज्यों और जातियों के लोग थोड़ी बहुत संख्या में यहाँ रहते हैं।

बंबई बहुत सुंदर नगर है और बड़ा भी। वह कई मीलों तक फैला है। उसके बाज़ार कैसे शानदार हैं! उसके मैदान कैसे बड़े हैं! उसकी सड़कें कितनी लम्बी और चौड़ी हैं! सड़कों के दोनों ओर बड़ी बड़ी और ऊँची इमारतें बनी हैं। कहीं कहीं शानदार बाग़ लगे हैं। बंबई की सब से सुंदर सड़क मैरीन ड्राइव समुंदर के किनारे किनारे मीलों तक चली गयी है। सड़कों और मैदानों पर ट्रामें, बसें, मोटरें और

घोड़ागाड़ियाँ हर समय चलती हैं जिन से बंबई में रहनेवाले सुबह को काम पर और शाम को काम से घर पहुँचते हैं।

समुंदर के तट पर स्थित होने के कारण बंबई की जलवायु काफ़ी नरम है। इस लिये वहाँ बहुत से लोग आराम करने जाते हैं। वे सागर में नहाते और धूप खाते हैं।

जब आप को कभी भारत का सफ़र करने का अवसर मिलेगा तो बंबई ज़रूर जाइये।

СЛОВА

नये शब्द

विशेषता вишэштā *ж.* особенность, свойство, характерная черта, отличительное качество

व्यापार вйāпāр *м.* торговля

संसार сансāр *м.* мир, вселенная

भर 1) весь, целый, полный; 2) только, лишь

प्रसिद्ध прасидд^{h}а известный, знаменитый

राजा рāджā *м. неизм.* раджа, князь

बादशाह бāдшāh *м.* падишах, император

भारी б^{h}āрӣ 1) тяжелый; 2) большой, громадный, крупный

उद्योग удйог *м.* 1) промышленность, индустрия; 2) отрасль промышленности; 3) старание, усердие

कोना конā *м.* 1) угол, уголок; 2) край, конец.

बसना баснā *нп.* 1) жить; находиться; 2) заселяться; 3) раскинуться, быть расположенным, возникать (*напр., о городе*)

घाटी г^{h}āтӣ *ж.* 1) горный проход; 2) ущелье; 3) долина

सुदूर судӯр очень далекий, отдаленный

जंगली джанглӣ 1) лесной; 2) дикий (*напр., о животных*)

कोयला койлā *м.* уголь

लोहा лоhā *м.* 1) железо; 2) железная руда; 3) утюг

धातु д^{h}āту *ж.* минерал, руда; металл

कार्य кāрйа *м.* работа, дело, занятие

दिन-रात дин-рāт днем и ночью, круглые сутки; всегда

कच्चा каччā 1) сырой; 2) зеленый, незрелый; 3) необработанный, неотделанный

माल мāл *м.* 1) имущество, вещи; 2) товар

खनिज к^{h}анидж 1. минеральный, ископаемый; 2. *м.* полезное ископаемое

पदार्थ падāрт^{h}а *м.* 1) вещь, предмет; 2) материя, вещество; 3) изделие, продукт

भंडार б^{h}андāр *м.* 1) запасы; 2) склад, хранилище; 3) сокровищница

औद्योगिक аудйогик промышленный, индустриальный

निर्माण-कार्य нирмāн-кāрйа *м.* строительные работы; строительство

व्यापारिक вйāпāрик торговый, коммерческий; деловой

सूती сӯтӣ хлопчатобумажный

दवाई давāӣ *ж.* лекарство

मोटर моṫар *ж.* 1) мотор; 2) автомобиль, автомашина

बंदरगाह бандаргāh *м.* порт, гавань

प्राकृतिक прāкритик природный, естественный

समुद्री самудрӣ морской, океанский

समुंदर самундар *м.* море, океан

किनारा кинāрā *м.* 1) край, конец; 2) берег; 3) край, кайма

द्वीप двӣп *м.* остров

रवाना равāнā отправившийся, отбывший; ~ होना *нп.* отправляться, отбывать (के लिए, को *куда-л.*; से *откуда-л.*; से, के ज़रिये *на чем-л.*); ~ करना *п.* отправлять; посылать

भूमि б^hӯми *ж.* земля, почва

करोड़ карор̣ *м.* десять миллионов; करोड़ों десятки миллионов

रूई рӯӣ *ж.* 1) хлопок; 2) вата

यात्री йāтрӣ *м.* 1) путешественник; 2) пассажир

ठहरना ṫ^hahapнā *нп.* останавливаться

मार्ग мāрга *м.* путь, дорога

रेल рэл *ж.* 1) рельс; 2) железнодорожный путь, железная дорога; 3) поезд.

दूरी дӯрӣ *ж.* расстояние

अड्डा аḍḍā *м.* 1) база; 2) стоянка

लाना лāнā *нп.* приносить, приводить, привозить

ले जाना лэ джāнā *нп.* уносить, уводить, увозить

उतरना утарнā *нп.* садиться, приземляться (*о самолете*)

उड़ना ур̣нā *нп.* подниматься, взлетать

बीच бӣч 1. *м.* середина; 2. के ~ *послелог* среди, между, в середине, в

बिजली биджлӣ *ж.* 1) электричество; 2) молния

रेलगाड़ी рэлгāр̣ӣ *ж.* поезд

मिल мил *ж.* фабрика; завод

धुआँ д^hуā̃ *м.* дым

क़ायम ḳāйам установленный, основанный, учрежденный; ~ होना (हो जाना) *нп.* быть установленным, основанным, учрежденным; ~ करना *п.* устанавливать, основывать, учреждать; ~ रखना *п.* сохранять

फ़िल्म филм *м.*, *ж.* 1) фильм, кинокартина; 2) фотопленка, кинопленка

फ़िल्म-उद्योग филм-удйог *м.* кинопромышленность

मुख्यत: мук^hйатаh главным образом, преимущественно

केंद्रित кэндрит сосредоточенный, сконцентрированный; ~ होना *нп.* сосредоточиваться, концентрироваться (में *где-л.*); ~ करना *п.* сосредоточивать, концентрировать

रेशमी рэшмӣ шелковый

रँगना рãгнā *п.* красить, окрашивать

राज्य рāджйа *м.* 1) государство, страна; 2) штат

सरकार саркāр *ж.* правительство

कार्यालय кāрйāлай *м.* контора, учреждение

जनसंख्या джансанк^hйā *ж.* численность населения, население

विचार вичāр *м.* мысль, идея, мнение

मराठी марāṫ^hӣ 1. маратхский; 2. *м.* маратх; 3. *ж.* [язык] маратхи

गुजराती гуджарāтӣ 1. гуджаратский; 2. *м.* гуджаратец; 3. *ж.* [язык] гуджарати

पारसी пāрсӣ 1. персидский; 2. *м.* 1)

перс; 2) парс; **3.** *ж.* персидский язык

थोड़ा **т^{h}орā** **1.** малый, незначительный; **2.** немного

संख्या **санк^{h}йā** *ж.* 1) число, количество, численность; 2) цифра

फैलना **п^{h}айлнā** *нп.* распространяться, простираться

शानदार **шāндāр** великолепный, пышный

ट्राम **ṭрāм** *ж.* трамвай

बस **бас** *ж.* автобус

घोड़ागाड़ी **г^{h}орāгāрӣ** *ж.* повозка, коляска (*запряженная лошадью*)

गाड़ी **гāрӣ** 1) телега, повозка; 2) коляска, экипаж; 3) вагон; 4) поезд

अवसर **авасар** *м.* [удобный] случай, возможность

ЛЕКСИКО-ГРАММАТИЧЕСКИЙ И ФРАЗЕОЛОГИЧЕСКИЙ КОММЕНТАРИЙ

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. Одним из производительных суффиксов, при помощи которого образуются имена прилагательные от существительных, является суффикс इक. При образовании имен прилагательных от существительных посредством суффикса इक первый гласный существительного-основы претерпевает значительные фонетические изменения: अ переходит в आ, इ и ई — в ऐ, उ и ऊ — в औ, ए — в ऐ, ओ — в औ, а औ переходит в आव, например: प्रकृति ‘природа’ — प्राकृतिक ‘природный’, इतिहास ‘история’ — ऐतिहासिक ‘исторический’ (отсюда ‘историк’), उद्योग ‘промышленность’ — औद्योगिक ‘промышленный’, सेना ‘армия’ — सैनिक ‘военный’ (отсюда ‘солдат’), लोक ‘мир’ — लौकिक ‘земной’, ‘мирской’, नौ ‘лодка’ — नाविक ‘относящийся к лодке’ (отсюда ‘лодочник’, ‘моряк’).

2. भर — частица, сочетается преимущественно с именами существительными. В зависимости от контекста передает значения: а) полноты, целостности, например: दिन भर ‘целый день’, संसार भर ‘весь мир’, संसार भर में ‘во всем мире’; б) ограничения. В последнем случае частица भर переводится на русский язык словами «только», «лишь», например: मेरे पास कापी भर है ‘У меня есть только тетрадь’.

3. Повторы имен существительных могут иметь как разделительное, так и собирательное значение, например:

देश के कोने कोने में 'в каждом уголке страны', 'во всех уголках страны'.

4. जब कि 'когда', 'в то время как', 'между тем как'.

5. छोटा बड़ा — сочетание прилагательных-антонимов. Имеет значение «разнообразный».

6. दिन ब दिन 'изо дня в день', 'с каждым днем', 'ежедневно'.

7. पत्थर का कोयला 'каменный уголь'.

8. कच्चा माल 'сырье'.

9. खनिज पदार्थ 'минерал', 'полезное ископаемое'.

10. बाहर भेजना 'вывозить', 'экспортировать'.

11. बाहर से मँगाना 'ввозить', 'импортировать'.

12. पानी का जहाज़ 'корабль', 'судно'.

13. कई मील की दूरी पर 'на расстоянии нескольких миль'.

14. हवाई अड्डा 'аэродром'.

15. सूती कपड़े की मिल 'текстильная фабрика'.

16. लोहे का कारख़ाना 'металлургический завод'.

17. के विचार से 'с точки зрения кого-либо, чего-либо'; जनसंख्या के विचार से 'по численности населения'.

18. थोड़ा बहुत — сочетание прилагательных-антонимов. Имеет значение «небольшой», «немного», थोड़ी बहुत संख्या में 'в небольшом количестве'.

19. कई मीलों तक 'на несколько миль'.

20. के दोनों ओर (तरफ़) 'по обеим сторонам', 'с двух сторон', 'по обе стороны' — послеложное словосочетание, состоящее из составного наречия दोनों ओर (तरफ़) 'с обеих сторон' и послелога के.

21. कहीं कहीं 'в некоторых местах', 'кое-где'.

22. बाग़ लगना 'быть разбитым, посаженным' (*о саде*).

23. के किनारे किनारे 'вдоль [берега]'.

24. ... मीलों तक चली गयी है '... протянулась на многие мили'.

25. अवसर मिलना 'представляться' (*о случае, возможности сделать* का *что-л.*, को *кому-л.*).

26. व्यापार करना 'торговать' (से, के साथ *с кем-л.;* का *чем-л.*).

УПРАЖНЕНИЯ
अभ्यास

1. Прочитайте, перепишите и переведите урок.

पाठ को पढ़िये, कापियों में लिखिये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. Ответьте на вопросы.

निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) भारत में दस लाख से ज़्यादा निवासियों के कितने शहर हैं?

२) जनसंख्या के विचार से भारत का कौनसा शहर सब से बड़ा है?

३) भारत के कौनसे नगर संसार भर में प्रसिद्ध हैं?

४) इन नगरों की क्या विशेषता है?

५) क्या अभी भारत में राजा और बादशाह हैं?

६) भारत में भारी उद्योग का निर्माण कब से शुरू हुआ है?

७) भिलाई नगर कब क़ायम हुआ?

८) किस नदी की घाटी में दिल्ली स्थित है?

९) भारत में पत्थर का कोयला किन राज्यों में मिलता है?

१०) क्या हिमालय में खनिज पदार्थ मिलते हैं?

११) आप भारत के कौनसे बड़े-बड़े औद्योगिक केंद्र जानते हैं?

१२) भारत के व्यापारिक संबंध किन देशों से क़ायम हैं?

१३) कौनसी चीज़ें भारत बाहर भेजता है और क्या बाहर से मँगाता है?

१४) भारत के चार बंदरगाहों के नाम क्या हैं?

१५) बंबई नगर कहाँ पर स्थित है?

१६) किन नगरों को लोग भारत के द्वार कहते हैं?

१७) भिलाई कारख़ाने के निर्माण पर कितने रुपये ख़र्च हुए?
१८) भारत में कौनसे नगर रेलों के बड़े केंद्र हैं?
१९) बंबई का हवाई अड्डा कहाँ है?
२०) भारत में फ़िल्म-उद्योग का सब से बड़ा केंद्र कहाँ है?
२१) भारत की जनसंख्या कितनी है?
२२) भारत में कितने राज्य हैं?
२३) क्या मास्को की सड़कों पर घोड़ागाड़ियाँ मिलती हैं?
२४) कैसा कपड़ा आपको सब से ज़्यादा पसंद है, सूती या रेशमी?
२५) रुसी संघ में सूती उद्योग के सब से बड़े केंद्र का नाम क्या है?
२६) बंबई कितने मीलों तक फैला है?

3. Переведите.

रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) इतिहास की पाठ्यपुस्तक से हमने जान लिया है कि उपनिवेशी भारत में ज़्यादातर भूमि राजाओं और अँग्रेज़ों के हाथों में थी। किसानों के पास बहुत कम भूमि थी। इनके खेतों की फ़सलें बहुत कम थीं। खेती की सब मशीनें बड़े लोगों के हाथों में केंद्रित थीं। उन्नीस सौ सैंतालीस में भारत स्वतंत्र हो गया। अँग्रेज़ लोग भारत से चले गये और राजाओं का महत्त्व बहुत कम हो गया। किसानों को कुछ और भूमि मिली है। देश में सरकारी खेती का प्रबन्ध भी क़ायम हुआ। सरकारी खेतों पर काफ़ी मशीनें काम करने लगीं। इस से फ़सल बढ़ गयी है। उन खेतों में काम करनेवाले किसान अब अपनी मेहनत के काफ़ी फल पाने लगे हैं।

२) उपनिवेशी भारत में भारी उद्योग नहीं था। अँग्रेज़ों ने भारत की भूमि पर बड़े-बड़े कारख़ानों और मिलों का निर्माण करना नहीं चाहा। उस समय भारत में कुछ छोटे लोहे के कारख़ाने थे। देश में न मोटर बनानेवाला उद्योग था न हवाई जहाज़ बनानेवाला भी। सबों को मालूम था कि

हिमालय पहाड़ खनिज पदार्थों का भंडार है, लेकिन अँग्रेज़ों ने वहाँ पर खनिज पदार्थों की तलाश करना नहीं चाहा। मध्य भारत में जो खनिज पदार्थ मिलते थे वे उनको कच्चे माल के रूप में बाहर ले जाते थे। इससे उनके उद्योग बढ़ते थे। आज-कल बात बिलकुल दूसरी है। स्वतंत्र भारत में भारी उद्योगों का निर्माण तेज़ी से शुरू हो गया है। भारत में भिलाई नगर जैसे कई औद्योगिक केंद्र बने हैं। देश में मज़दूरों की संख्या बढ़ गयी है। बहुत इंजीनियरों ने विदेशों में औद्योगिक शिक्षा पायी है। इन में रूसी संघ का बहुत ऊँचा स्थान है।

३) मुर्मान्स्क रूसी संघ का उत्तरी समुद्री द्वार है। यह एक बड़ा अच्छा प्राकृतिक बंदरगाह है जो सभी देशों के जहाज़ों के लिये खुला है। इसलिये यहाँ सैकड़ों जहाज़ आते हैं और यहाँ से रवाना होते हैं।सेंट पीटर्सबर्ग और मुर्मान्स्क के बीच बिजली से चलनेवाली रेलगाड़ियाँ आती जाती हैं। मुर्मान्स्क बारेंत्स सागर के किनारे पर स्थित है जो कभी नहीं जमता। गर्मी और सर्दी के दिनों में यहाँ बड़े-बड़े विदेशी जहाज़ आते हैं। किसी भी दिन में बंदरगाह में दो चार विदेशी जहाज़ ज़रूर खड़े होते हैं। अब मुर्मान्स्क बंदरगाह का महत्त्व और बढ़ गया है। दूसरे देशों से सोवियत संघ के व्यापारिक संबंध दिन ब दिन बढ़ रहे हैं।

४) व्नुकोवो, शेरेमेत्येवो और दोमोदेदोवो हवाई अड्डे मास्को के सब से बड़े हैं। यहाँ सैकड़ों हवाई जहाज़ ठहरते हैं। व्नुकोवो मास्को का एक हवाई दरवाज़ा है। यहाँ हर दस मिनट में एक हवाई जहाज़ उतरता है या यहाँ से उड़ता है। व्नुकोवो का हवाई अड्डा मास्को से तीस किलोमीटर की दूरी पर है। आनेवाले यात्री आरामदेह बसों में बैठते हैं और शहर की तरफ़ रवाना होते हैं। रास्ता जंगलों और खेतों के बीच जाता है। कुछ समय के बाद मास्को विश्वविद्यालय की ऊँची इमारत नज़र आने लगती

है और बस मास्को-नगर के अंदर आती है। मास्को कई किलोमीटर तक फैला है। उसकी सड़कें लंबी और चौड़ी हैं। उनके दोनों ओर ऊँची ऊँची इमारतें खड़ी हैं। मास्को के मैदान बड़े हैं। सब से बड़ा और शानदार मैदान लाल मैदान है। बहुत जगह शानदार बाग़ या पार्क लगे हैं। मास्को का मैट्रो सारे संसार में मशहूर है।

५) पहले मास्को की सड़कों पर सिर्फ़ घोड़ागाड़ियाँ चलती थीं, फिर ट्रामें चलने लगीं। पहली ट्रामें बिजली से नहीं, घोड़ों की सहायता से चलती थीं। बिजली से चलनेवाली ट्रामें फिर आयीं। ट्रामों के बाद बसें चलने लगीं। उन्नीस सौ पैंतीस में मैट्रो की पहली लाइन का निर्माण ख़त्म हुआ। अब मास्को की सड़कों पर ट्रामें, बसें (उनमें कुछ दोमंज़िला भी थे), ट्रालीबसें, तरह-तरह की मोटरें चलती हैं। भूमि के अंदर मैट्रो की गाड़ियाँ चलती हैं। ये गाड़ियाँ रोज़ाना साठ लाख से कुछ ज़्यादा लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाती हैं। मास्को के लिये मैट्रो का बहुत भारी महत्त्व है। कड़ाके के जाड़े के समय मैट्रो में तापमान सदा गर्मी की पंद्रह डिग्री के ऊपर होता है। गाड़ियों के अंदर लोग आराम से बैठते हैं। कोई अख़बार पढ़ता है, कोई किताब। विद्यार्थी लोग कभी कभी अपने पाठों की तैयारी करते हैं। लगभग सब लोग किसी न किसी काम में व्यस्त बैठते हैं।

६) (१) वह अच्छी ख़बर लाया है। (२) इंग्लैंड एक द्वीप पर स्थित है। (३) रुसी संघ कुछ चाय विदेशों से ख़रीदता है। (४) सूती कपड़े के उद्योग के लिये रूई बहुत ज़रूरी कच्चा माल होती है। (५) व्लादिवोस्तोक सुदूर पूर्व का सब से बड़ा शहर है, वह रुसी सुदूर पूर्व का प्रमुख बंदरगाह भी है। (६) कल हमने एक अच्छी फ़िल्म देखी। (७) माता जी ने सफ़ेद कपड़ा काले रंग में रँग लिया है।

4. Переведите вопросы и ответьте на них.

निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये।

(1) Какой портовый и крупный промышленный центр расположен на берегу Бенгальского залива? (2) Каково население Индии? (3) Какие полезные ископаемые встречаются в Индии? (4) Какие товары импортирует Индия? (5) Какой город Индии является крупнейшим центром хлопчатобумажной промышленности? (6) С какими странами мира торгует Индия? (7) Какой город на Волге протянулся вдоль ее берега на тридцать километров? (8) Какой фильм рассказывает о дружбе индийцев и русских? (9) Как называется аэродром близ Дели? (10) Какой самый большой по населению штат Индии? (11) В каком штате живут преимущественно маратхи?

5. Переведите словосочетания и предложения.

निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

हर एक शहर की अपनी कुछ न कुछ विशेषता है; भारी उद्योग; भारी महत्त्व; नया शहर बस गया है; नगर मीलों तक फैला है; औद्योगिक सामान; हवाई द्वार; रेलगाड़ियाँ आती जाती हैं; जंगली जानवर।

6. Переведите словосочетания и предложения.

निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Устанавливать торговые связи; отдаленный район; морские ворота; морские и воздушные пути; естественная гавань; на индийской территории; самолет произвел посадку; клубы дыма поднимаются над заводом; судостроительный завод; электропоезд.

7. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Он отсутствовал весь день. (2) Она пробыла в Индии целый месяц. (3) Бхилайский металлургический завод — один из крупнейших во всем мире. (4) Я проболел целую неделю. (5) Во всем районе построены новые дороги. (6) У него есть только один учебник. (7) Я не спал всю ночь. (8) Его брат работает на мебельной фабрике. (9) Людям, отправляющимся за границу, необходимо получить заграничные паспорта. (10) Столица Индии Дели — древний исторический город. (11) Иваново — большой индустриальный город, центр текстильной промышленности России.

(12) Россия поддерживает торговые отношения со многими странами мира. Торговля укрепляет дружбу между народами.

8. Посредством суффикса इक образуйте прилагательные от существительных.
'इक' प्रत्यय की सहायता से निम्नलिखित संज्ञाओं से विशेषण बनाइये।

दिन, प्रकृति, समय, शरीर, अर्थ, परिवार, लोहा, विचार, व्यवहार, शब्द, नगर, संसार, सप्ताह, साहित्य, स्वभाव।

9. Напишите все возможные сочетания прилагательных с существительными.
संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

प्रसिद्ध	पदार्थ
जंगली	बंदरगाह
खनिज	अड्डा
भारी	जानवर
सुदूर	संबंध
समुद्री	बाज़ार
हवाई	उद्योग
शानदार	द्वार
प्राकृतिक	कलाकार
व्यापारिक	प्रदेश

10. Заполните пропуски.
ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) हिमालय लोहे आदि ... का भंडार है। (२) भारी उद्योग के लिये पत्थर का ... बहुत आवश्यक है। (३) बैठक के एक ... में अलमारी खड़ी है। (४) किसी भी देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये ... का बहुत भारी महत्त्व है। (५) कलकत्ता बड़ा ... केंद्र है। (६) भारत विदेशों से क्या सामान ... है? (७) इस कारख़ाने में तरह-तरह की ... बनती हैं जो लोगों के इलाज के लिये बहुत ज़रूरी होती हैं। (८) सूती कपड़े के उद्योग के लिये ... का भारी महत्त्व होता है। (९) द्वीप तक आप सिर्फ़ समुद्री ... से पहुँचेंगे, कोई और ... नहीं है। (१०) सब यात्री बैठ गये और बस शहर की तरफ़ ... हो गयी। (११)

दिल्ली मास्को से पाँच हज़ार मील की ... पर है। (१२) मिलों के ऊपर ... के बादल सदा उठते हैं। (१३) भारत तेईस ... का देश है। (१४) मास्को की ... अस्सी लाखों की है। (१५) कल हम सिनेमा देखने गये। नयी ... सब को पसंद आयी। (१६) आज कल बहुत सी रेलगाड़ियाँ ... से चलती हैं। (१७) भारत की ... के कार्यालय नयी दिल्ली में हैं। (१८) बनारस का ... कपड़ा संसार भर में मशहूर है। (१९) बहुत से पारसी लोग बम्बई नगर में ... हैं। (२०) रुसी संघ संसार के सब देशों से दोस्ती के संबंध ... करना चाहता है। (२१) उसे विदेश जाने का ... मिला। (२२) यह नगर नदी के ... फैला है। (२३) रुसी सरकार ने सारी ... किसानों को दे दी है। (२४) पहले ... नहीं थीं और लोग मुख्यत: घोड़ों पर सफ़र करते थे। (२५) इंदिरा गांधी हवाई ... दिल्ली का हवाई दरवाज़ा है।

11. Переведите.

हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Москва — столица Российской Федерации — расположена на Москве-реке. Красивые мосты соединяют оба ее берега. Москва — порт пяти морей. В Москве сходятся железные дороги и воздушные трассы, которые соединяют столицу с самыми отдаленными районами страны и другими государствами.

В Москве много вокзалов и больших аэродромов. Москва — древний город. В центре Москвы находятся Кремль и Красная площадь. Кремль — замечательный образец русского искусства. В Кремле много исторических зданий. Москва — крупный промышленный и торговый центр. Здесь много больших фабрик и заводов: хлопчатобумажные, мебельные и шелкоткацкие фабрики, металлургические и автомобильные заводы. В Москве множество вузов, школ и библиотек. Государственная библиотека Российской Федерации насчитывает более восемнадцати миллионов книг и занимает по количеству книг первое место в нашей стране. В столице находится Государственная Третьяковская галерея и 116 музеев. Кроме этого, в Москве несколько десятков театров. Большой (बोल्शोय) театр и его артисты известны

во всем мире. В Москве много стадионов. Самый большой из них — «Лужники» (लजनिकी).

По улицам Москвы все время движутся автомобили, автобусы, троллейбусы (ट्रालीबस *ж.*) и трамваи. Метро соединяет разные районы города. Станции метро — красивые и светлые. Московское метро — лучшее метро в мире. Население Москвы растет. Жители столицы получают новые удобные квартиры. Для них строятся новые магазины, школы и кинотеатры.

Особенно красива Москва летом. Зеленые деревья по обеим сторонам улиц украшают город. В Москве много парков и садов. Центральный парк нашей столицы раскинулся на несколько километров вдоль берега Москвы-реки.

Каждый год Москву посещают множество людей из самых дальних уголков нашей страны и из многих зарубежных государств.

II. (1) Фабрика изготовила новые образцы шелковых тканей. (2) Самолет вылетает из Москвы рано утром. (3) Студенты отправились на юг. (4) Разведка полезных ископаемых является важным государственным делом. (5) Народы нашей страны говорят более чем на ста языках. (6) Восемьсот лет назад Москва была небольшим поселением. Сейчас Москва — огромный город. Она четвертый по населению город мира. (7) Туристы остановились на берегу моря и разбили палаточный лагерь. (8) Путь к победе порой бывает очень трудным. Не ищите легких побед. Победы приходят только в результате упорного труда. (9) Индия производит автомобили и самолеты в небольшом количестве. (10) Недавно между этими двумя странами были установлены торговые отношения. (11) Этот маленький город расположен на расстоянии ста миль от Бомбея. (12) В долине Ганга расположено много крупных городов Индии.

12. Переведите текст.

इस कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भारत के शहर

भारत में बड़े-बड़े शहरों की संख्या क़रीब तीन सौ है और छोटे-छोटे शहरों की संख्या एक हज़ार के लगभग है। बड़े शहरों का नाम हम उन शहरों को देते हैं जिनकी

जनसंख्या एक लाख से अधिक होती है। ऐसे शहरों में दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, इलाहाबाद, कानपुर आदि नगर हैं। छोटे शहर हम उन्हें कहते हैं जिनमें जनसंख्या एक लाख से कम और दस हज़ार से ज़्यादा होती है। इससे कम जनसंख्या के स्थानों को हम गाँव कहते हैं, शहर नहीं।

शहर कहाँ बसते हैं? राजधानी मुख्यत: देश के बीच में बसती है। राजधानी बनने पर वह शहर सारे देश से संबंध रखने के कारण व्यापार का भी केंद्र बन जाता है। हज़ारों लोग जो सरकारी कार्यालयों में काम करते हैं यहाँ रहते हैं। इन सब लोगों के रोज़ाना जीवन के लिये ज़रूरी चीज़ें पहुँचाने के लिये छोटे और बड़े व्यापारी[1] भी यहाँ अपनी दुकानें खोल लेते हैं। इस के बाद कारख़ाने और मिलें बनने लगती हैं। इस प्रकार देश की राजधानी एक बड़ा शहर बन जाती है। जिस प्रकार देश की राजधानी देश का केंद्र बन जाता है ठीक उस प्रकार ही हर राज्य की राजधानी राज्य का केंद्र भी बन जाती है।

शहर ऐसे स्थानों पर भी बस जाते हैं जिन में किसी चीज़ की तैयारी करने के लिए कच्चा माल मिल जाता है। जैसे[2] लोहे के कारख़ाने टाटानगर में हैं। टाटानगर के पास ही ऐसे स्थान हैं जिन से इन कारख़ानों के लिये कोयला तथा कच्चा लोहा मिल जाता है। बम्बई और कानपुर के इलाक़े में रूई काफ़ी मिलती है इसलिये ये स्थान कपड़े की मिलों के कारण बड़े शहर बन गये।

समुद्री किनारों के पास के स्थानों पर भी शहर बस जाते हैं। समुंदर से आने जाने वाले जहाज़ वहाँ कोयला लेने के लिये, विदेशों से आनेवाला माल उतारने के लिये तथा वहाँ का माल विदेशों को ले जाने के लिये ठहरते हैं। इस प्रकार समुंदर के किनारे के स्थानों पर भी शहर बस जाते हैं।

---

[1] व्यापारी 'торговец'.

[2] जैसे 'как, например'.

इनके अलावा नदियों के किनारे भी शहर मिलते हैं। नदी के पास की भूमि अच्छी होती है। वहाँ की फ़सलें भी अच्छी होती हैं। किसान लोग अपना माल नदियों की सहायता से शहरों तक पहुँचाते हैं। नदी के पास बसने के कारण नगर-निवासियों के लिए पानी का प्रबन्ध आसान होता है। इसलिये गंगा, यमुना आदि नदियों के किनारे बहुत से शहर बसे हैं।

13. Переведите текст.

इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Путешествие по Волге

По Волге ходят удобные и красивые пассажирские пароходы. Часто (अक्सर) парход является «домом отдыха». Советские люди любят отдыхать на пароходе, любят путешествовать по Волге.

Во время путешествия вы не только любуетесь (ख़ुशी से देखना) берегами реки, но и знакомитесь с крупными промышленными городами на Волге. Особенно интересна для путешественников Средняя Волга.

Первый большой порт здесь — Нижний Новгород (निज्नी नोवगोरोद). Он расположен на высоком берегу Волги. Здесь в Волгу впадает река Ока (ओका).

Город очень хорошо виден с реки.

Нижний Новгород — крупный промышленный центр. Здесь находятся автомобильный, судостроительный заводы. В старой России Нижний Новгород был известным центром торговли.

Пароход идет дальше (आगे). Стоит хорошая погода. Ярко светит солнце. Пассажиры сидят в креслах, загорают, разговаривают.

Через некоторое время пароход прибывает в Казань (कजान). Город стоит немного в стороне от реки. Это — крупный исторический и промышленный центр. С парохода хорошо видны городские улицы, высокие дома и древний Казанский кремль.

Возле Казани в Волгу впадает река Кама (कामा). Волга становится очень широкой. Поэтому многие люди называют это место «Волжским морем». Пароход прибывает в Ульяновск (उल्यानोव्स्क) — большой промышленный город. Здесь расположен автомобильный завод. Пароход стоит здесь почти весь день, и все пассажиры получают возможность осмотреть город. Затем пароход плывет дальше.

Пароход подходит к Самаре (समारा) — крупному промышленному центру, расположенному близ живописных (सुंदर) Жигулевских гор (जिगुली). Пароход проходит под железнодорожным мостом.

Справа появляется Саратов (सरातोव). Это большой красивый город. Саратов также стоит на высоком берегу реки.

От Саратова пароход идет к Волгограду, городу, который известен всему миру. Волгоград простирается на много километров вдоль берега Волги. Сейчас Волгоград самый красивый волжский город. От Волгограда пароход идет к Астрахани (अस्त्रख़ान). Астрахань — последний (अंतिम) порт на Волге. Близ Астрахани Волга впадает в Каспийское (कैस्पियन) море. Путешествие по Волге заканчивается. Пассажиры сходят с парохода.

14. Поставьте вопросы к выделенным словам и словосочетаниям.

मोटे टाइप में छपे शब्दों और शब्द-समुदायों के लिये प्रश्न बनाइये।

(१) मास्को शहर अपनी **ऐतिहासिक** इमारतों के लिये मशहूर है। (२) आज-कल भारत में **राजाओं** का महत्त्व ख़त्म हुआ है। (३) **जंगली** इलाकों की जनसंख्या बहुत कम होती है। (४) हवाई जहाज़ **बम्बई** के लिये रवाना हो गया। (५) यह सड़क **नदी के किनारे-किनारे** चली गयी है। (६) **चिड़ियाँ** जंगल के ऊपर उड़ रही हैं। (७) वह **आराम से** बैठ गया और **कहानी** सुनाने लगा। (८) वे **समुद्री** मार्ग से भारत जाएँगे। (९) न्यू-यार्क में **सभी देशों और जातियों के लोग** थोड़ी बहुत संख्या में रहते हैं। (१०) हमें **यह फ़िल्म देखने** का अवसर मिला।

15. Напишите синонимы к словам.

निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

नगर; भारी, स्थान, दवाई, मशहूर, कार्य, कम, समुंदर, संसार, कार्यालय, तरफ़, किनारा, मार्ग, अवसर, द्वार, माल।

16. Опишите на хинди какой-нибудь город России

रूस के किसी शहर के बारे में हिन्दी में एक कहानी लिखिये।

17. Перепишите и переведите диалог.

निम्नलिखित बातचीत को कापी में लिखिये और उसका अनुवाद कीजिये।

— मुझे बताइये कि सब से पहले मास्को में क्या देखना ज़रूरी है?

— यहाँ तो काफ़ी दिलचस्प चीजें हैं जिनको देखना ज़रूरी होगा।

— देखिये, मेरे पास सिर्फ़ दो-तीन दिन हैं।

— क्या आप पहली बार मास्को आयी हैं?

— जी हाँ, पहली बार।

— तब यह कहना मुश्किल है कि कहाँ जाना ज़रूरी होगा और कहाँ नहीं। लेकिन मेरे विचार में[3] सब से पहले लाल मैदान पर जाना ज़रूरी है। इस के बाद आप शहर का केंद्र, "लुजनिकी" स्टेडियम और मास्को-विश्वविद्यालय की नयी इमारत देख लीजिये।

— आपका विचार मुझे पसंद है। सब से पहले मैं लाल मैदान पर जाऊँगी। लेकिन मुझे रास्ता मालूम नहीं है।

— मैट्रो की गाड़ियाँ मास्को के केन्द्र में जाती हैं। ट्राम ठीक मैदान तक नहीं जाती। वह उस से बड़ी दूरी पर ठहरती है। बस नम्बर पाँच लगभग मैदान ही तक जाती है।

— तब तो मैं बस से जाना चाहती हूँ। बस की खिड़कियों

---

[3] मेरे विचार में 'по-моему'.

में से मुझे मास्को देखने का अवसर मिलेगा। मेरे लिये कहाँ उतरना ज़रूरी होगा?

बोल्शोय थियेटर के पास उतरिये और दायीं तरफ जाइये। आप दो ऊंची इमारतें देखेंगी जो लाल पत्थरों से बनी हैं। ये दो संग्रहालय हैं रुसी इतिहास के। इन दोनों के बीच एक गिरजाघर है। उसके द्वार से जाइये और आप लाल मैदान पर निकल जाएंगी।

आपको बहुत बहुत शुक्रिया। अब बताइये, लाल मैदान से "लुजनिकी" स्टेडियम तक क्या रास्ता है?

आप मैट्रो से जाइये। "ओखोत्नी रियाद" स्टेशन के अंदर जाइये और "स्पोरतिव्नाया" नामक स्टेशन पर मैट्रो के बाहर जाइये। कुछ दूर जाइये और आपके सामने स्टेडियम होगा।

—और विश्वविद्यालय तक मैं कैसे पहुँचूंगी?

—स्टेडियम के सामने नदी के पार आप विश्वविद्यालय देख लेंगी। स्टेडियम से वहाँ तक ट्रालीबस जाती है।

—धन्यवाद! बताइये, बस का अड्डा कहाँ है?

—सामने जाइये। उस नुक्कड़ पर बस का अड्डा है।

—एक बार फिर आपको बहुत-बहुत शुक्रिया। नमस्ते।

—नमस्ते।

18. Выучите числительные.

निम्नलिखित संख्याओं को याद कीजिये।

८१	इकासी	81	८६	छियासी	86
८२	बयासी	82	८७	सत्तासी	87
८३	तिरासी	83	८८	अठासी	88
८४	चौरासी	84	८९	नवासी	89
८५	पचासी	85	९०	नव्वे	90

УРОК X

ГРАММАТИКА

ИМЯ ПРИЛАГАТЕЛЬНОЕ

ВЫРАЖЕНИЕ РАЗЛИЧНОЙ СТЕПЕНИ ПРИЗНАКА

Большая или меньшая степень свойства, качества или признака выражается при помощи следующих слов, присоединяемых к качественным прилагательным: अधिक, ज़्यादा 'более', 'больше', कहीं 'куда', 'намного', कम 'меньший', 'мало', बहुत 'очень', थोड़ा 'немного', ज़रा 'немного', और [भी] 'еще', 'более', कुछ 'немного', 'несколько', बड़ा 'очень', काफ़ी 'довольно', बिलकुल 'совершенно', например: अधिक (ज़्यादा) मज़बूत 'более сильный', कहीं अच्छा 'намного (куда) лучший', कम चौड़ा 'менее широкий', बहुत ठंडा 'очень холодный', थोड़ा लंबा 'длинноватый', ज़रा ऊँचा 'высоковатый', और [भी] गर्म 'более горячий', कुछ कम 'немного меньший', बड़ा अच्छा 'очень хороший', बिलकुल ठीक 'совершенно правильный'.

Усиление степени свойства, качества или признака обычно передается повторением качественных прилагательных, например: छोटी छोटी लड़की 'очень маленькая девочка' (букв. 'маленькая-маленькая девочка').

ГЛАГОЛ

ПОВЕЛИТЕЛЬНОЕ НАКЛОНЕНИЕ

Повелительное наклонение выражает побуждение к действию, приказание, просьбу, предостережение, пожелание, совет, разрешение и т. п.

Повелительное наклонение имеет формы только для 2-го лица единственного и множественного числа, соотносительные с местоимениями तू 'ты', तुम 'вы' и आप 'Вы'.

Повелительному наклонению в языке хинди свойственно несколько форм 2-го лица, передающих различные оттенки побуждения к действию, относимому как к настоящему, так и к будущему времени.

ОБРАЗОВАНИЕ ПОВЕЛИТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

Обычные формы

Форма 2-го лица единственного числа равна основе глагола:

Инфинитив	Основа	Повелительное наклонение
आना 'приходить'	आ	आ 'приходи!'
लिखना 'писать'	लिख	लिख 'пиши!'

Форма 2-го лица множественного числа образуется прибавлением к основе глагола морфемы ओ:

Инфинитив	Основа	Повелительное наклонение
जाना 'уходить'	जा	जाओ 'уходите!'
देखना 'смотреть'	देख	देखो 'смотрите!'

Форма повелительного наклонения 2-го лица множественного числа от глаголов देना 'давать' и लेना 'брать' образуется не по общему правилу: морфема ओ присоединяется не к основе глагола, а к ее стяженной форме — непосредственно к начальному согласному основы, например: दो 'давайте!', लो 'берите!'.

Глаголы с основой на ओ в форме повелительного наклонения 2-го лица множественного числа морфемы ओ, как правило, не принимают; у этих глаголов форма 2-го лица множественного числа совпадает с формой повелительного наклонения 2-го лица единственного числа, например: बो 'сей!', 'сейте!' (बोना 'сеять'). В отдельных случаях форма повелительного наклонения 2-го лица множественного числа от глаголов с основой на ओ образуется и по общему правилу, например: धो 'мойте!' — धोओ 'мойте!' (धोना 'мыть' 'стирать').

При образовании формы повелительного наклонения 2-го лица множественного числа от глаголов с основой на ई гласный основы становится кратким, а между इ и морфемой ओ появляется звук य. Например: सियो 'шейте!'.

Вежливые формы

Вежливые формы повелительного наклонения образуются прибавлением к основе глагола морфем इये и इयेगा:

Инфинитив		Основа	Повелительное наклонение	
बैठना	'сидеть'	बैठ	बैठिये	'садитесь (пожалуйста)'
			बैठियेगा	'садитесь, пожалуйста'
आना	'приходить'	आ	आइये	'приходите (пожалуйста)'
			आइयेगा	'приходите, пожалуйста'

Вежливые формы повелительного наклонения глаголов पीना 'пить', सीना 'шить', देना 'давать', लेना 'брать' и करना 'делать', в отличие от других глаголов, образуются прибавлением морфем ईजिये и ईजियेगा (вместо морфем इये и इयेगा) не к основе, а к ее стяженной форме, равной ее начальному согласному:

Инфинитив		Основа	Повелительное наклонение	
पीना	'пить'	पी	पीजिये	'пейте (пожалуйста)'
			पीजियेगा	'выпейте, пожалуйста'
सीना	'шить'	सी	सीजिये	'шейте, (пожалуйста)'
			सीजियेगा	'шейте, пожалуйста'

देना	'давать'	दे	दीजिये	'дайте (пожалуйста)'
			दीजियेगा	'дайте, пожалуйста'
लेना	'брать'	ले	लीजिये	'берите (пожалуйста)'
			लीजियेगा	'берите, пожалуйста'
करना	'делать'	कर	कीजिये	'делайте (пожалуйста)'
			कीजियेगा	'делайте, пожалуйста'

Вежливые формы от глагола होना 'быть' могут быть образованы и при помощи морфем जिये и जियेगा, например: होजिये, होजियेगा 'будьте, пожалуйста'.

УПОТРЕБЛЕНИЕ ПОВЕЛИТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

Обычные формы. Форма 2-го лица единственного числа соотносится с местоимением तू 'ты'. Она употребляется либо при обращении к детям или очень близким людям, либо для выражения приказания при невежливом, грубом обращении к кому-либо, например: "श्याम देख !" बाप ने कहा '«Смотри, Шьям!» — сказал отец'; बाहर जा 'Пошел вон!'; ठहर 'Стой!'.

Форма повелительного наклонения 2-лица множественного числа соотносится с местоимением तुम 'вы'. Эта форма используется шире, чем форма 2-го лица единственного числа. Она применяется как при обращении к нескольким (многим) лицам, так и к одному лицу, являясь наиболее употребительной формой для передачи приказания, просьбы, предостережения, для выражения обычной вежливости, например: तुम लोग काम करो 'работайте!', पढ़ो 'читайте!'.

Следует отметить, что эта форма при выражении повеления, относимого к одному лицу, употребляется чаще, чем форма 2-го

лица множественного числа в русском языке. Это объясняется тем, что она соотносится с местоимением 2-го лица множественного числа तुम, которое используется и в значении русского «ты» при обращении как к равным (к товарищам, приятелям, родственникам), так и к людям, занимающим более низкое социальное положение, или к младшим по возрасту, например: तुम लिख लो 'Ты запиши!'; बेटा, किताब दे दो 'Сынок, отдай книгу!'.

Вежливые формы повелительного наклонения в прошлом использовались для выражения просьбы или пожелания, обращенных к лицам высокого социального положения. В настоящее время они употребляются для выражения обычной вежливости. Вежливые формы повелительного наклонения на इये и इयेगा соотносятся только с местоимением आप 'Вы'. Форма на इयेगा употребляется исключительно для выражения вежливой просьбы, пожелания или вежливого повеления совершить действие в будущем времени. Вежливые формы повелительного наклонения используются при обращении как к одному лицу, так и к нескольким лицам, например: आप जाइये 'Вы идите, пожалуйста'; दोस्तो, देखिये 'Друзья, посмотрите!'; आप यह काम कीजियेगा 'Сделайте, пожалуйста, (Вы) эту работу'.

ИНФИНИТИВ В ЗНАЧЕНИИ ПОВЕЛИТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

В языке хинди инфинитив в роли сказуемого может употребляться в значении повелительного наклонения. В этом случае он обозначает либо вежливое повеление, либо безусловный приказ, например: कल यहाँ आना 'Завтра приходите сюда'; तू ही जाना 'Ты сам иди!'. Инфинитив обозначает приказание в резкой, категорической форме, когда он произносится с побудительной интонацией, например: उठना 'Встать!'; काम करना 'Работать!'.

ОБ УПОТРЕБЛЕНИИ ОТРИЦАТЕЛЬНЫХ ЧАСТИЦ С ФОРМАМИ ПОВЕЛИТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

С формами повелительного наклонения употребляются запретительная частица मत 'не' и отрицательные частицы न 'не' и नहीं 'не', 'нет'. Частица मत используется только с формами повели-

тельного наклонения (преимущественно с обычными его формами), а также с инфинитивом в значении повелительного наклонения. Частица मत выражает категорическое запрещение. Она может стоять как перед формой повелительного наклонения, так и после нее, например: मत करो , करो मत 'Не делай[те]!', मत जा 'Не ходи!', मत उठना 'Не вставать!'. Отрицательная частица न 'не' чаще употребляется с вежливыми формами повелительного наклонения и с инфинитивом в значении повелительного наклонения, когда им выражается вежливое повеление. Частица न 'не' ставится перед формой повелительного наклонения, например: वहाँ न रहिये 'Не оставайтесь, пожалуйста, там'; ऐसा न लिखिये 'Так, пожалуйста, не пишите'. Частица नहीं 'не', 'нет' обладает нейтральным значе нием отрицания. Она употребляется с формами повелительного наклонения тогда, когда необходимо выразить меньшую силу отрицания, чем это передает частица मत 'не', и большую — по сравнению с частицей न 'не'. Частица नहीं обычно ставится перед глагольной формой, например: कापी में नहीं लिखो 'Не пиши[те] в тетрадь'; उस को यह किताब नहीं दीजिये 'Не давайте ему эту книгу'.

СОЧЕТАНИЯ С ПОТЕНЦИАЛЬНЫМ ГЛАГОЛОМ सकना *'МОЧЬ'*

Потенциальный глагол सकना 'мочь' — глагол недостаточный и самостоятельно (вне сочетаний с другими глаголами) не употребляется. В сочетании с любым глаголом в форме основы он передает значение возможности (а в отрицательном предложении — невозможности) совершения действия или проявления состояния, обозначенных основой.

В словосочетании «глагол (в форме основы) + потенциальный глагол सकना» первый глагол сохраняет лексическое значение инфинитива и остается неизменным; все личные и неличные формы образуются только от глагола सकना, например: पढ़ सकना 'уметь читать'; वह यह काम कर सकेगी 'Она сможет сделать эту

работу'. Глагол सकना подвергается словоизменению по типу непереходных глаголов, например: मैं उस को यह किताब नहीं दे सका 'Я не смог дать ему эту книгу'.

При употреблении глагола सकना с двумя или несколькими глагольными основами он обычно ставится один раз — после последней из них, например: पढ़ लिख सकना 'уметь читать и писать'; वे पढ़ लिख सकते हैं 'Они умеют читать и писать'.

अभ्यास

1. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Это более интересная книга. (2) Дон немного меньше Днепра (द्नीपर). (3) Он значительно сильнее своего брата. (4) Это пальто ему немного коротко. (5) Этот Ваш рассказ намного лучше. (6) На юге Индии климат более жаркий, чем на севере. (7) Она ответила совершенно правильно. (8) Наш дом не очень высокий, в нем всего три этажа. (9) Они придут гораздо раньше вас. (10) Он довольно опытный врач.

2. रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) गोपाल, तू कुर्सी पर बैठ। (२) गोमती, अंदर आ। (३) किताब पढ़। (४) पाठ कापी में लिखो। (५) मेरे भाई के पास जाओ और उस से एक रुपया लो। (६) मेरा क़लम लो और गोपाल को दे दो। (७) आप गाड़ी में कब तक बैठेंगे, नीचे उतरिये। (८) आप चाय पी लीजिये, नहीं तो वह ठंडी हो जाएगी। (९) राम, यहाँ आओ। (१०) यह अभ्यास कल पूरा करो। (११) मेरे लिये कुछ गर्म चाय बना दो। (१२) खाने से पहले हाथ-मुँह धो लेना। (१३) यह दवा रोज़ाना पी लेना। (१४) श्याम, यह चिट्ठी लो और उसे लेटर-बक्स में डाल दो। (१५) 'परदेसी' ('अफ़नसी निकीतिन') नामक फ़िल्म देखिये। (१६) यह फल कच्चा है, तुम उसे मत खाओ। (१७) वह काम कर रहे हैं, उनको बुलाओ मत। (१८) बाहर मत निकलो।

(१६) वह काम जल्दी करो। (२०) कल वापस आना। (२१) अंदर मत आओ। (२२) वहाँ कोई कुर्सी घर से ले जाओ। (२३) ऐसा कभी मत लिखना। (२४) दरवाज़ा बंद करो और सब खिड़कियाँ खोल दो। (२५) जाओ, थोड़ा ठंडा पानी लाओ। (२६) वहाँ मत जाइएगा। (२७) शाम तक कहीं मत जाना, बैठो और पाठ तैयार करो।

3. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Принеси мне книгу. (2) Стой, куда ты идешь? (3) Отправляйся туда завтра утром. (4) Посмотри, какое красивое здание. (5) Принимайте это лекарство три раза в день. (6) Эй, кули! Возьми его багаж! (7) Доставьте эти письма по адресу. (8) Отдыхайте, друзья. Звонок прозвенел. (9) Отправьте это письмо рано утром. (10) Рам, пойди и купи сегодняшнюю газету. (11) Попытайтесь позвонить ему вечером. (12) Шьям, уже десять часов, ложись спать! (13) Дети! Не разговаривать, идет урок. (14) Обязательно посмотрите этот фильм. (15) Покажите, пожалуйста, вон те туфли. (16) Товарищ Иванов, идите к доске. (17) Приезжайте к нам следующим летом. (18) Запишите в тетрадь все новые слова и выражения. (19) Послушай меня, не уезжай, отдохни еще немного. (20) Открой окно, в комнате очень душно. (21) Опусти это письмо в почтовый ящик. (22) Напишите на бланке вашу фамилию и полный адрес. (23) Сделайте к завтрашнему дню десятое упражнение. (24) Снимай пальто и проходи в комнату. (25) Забери отсюда эти вещи.

4. रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) भारत की राजधानी दिल्ली में आप सुंदर इमारतें देख सकते हैं। (२) आप हवाई जहाज़ के ज़रिये दिल्ली पहुँच सकते हैं। (३) दिल्ली में बहुत बड़ा बाज़ार है, वहाँ आप भिन्न-भिन्न चीज़ें ख़रीद सकते हैं। (४) तेज़ हवा और बर्फ़ के तूफ़ान के कारण हमारा हवाई जहाज़ मास्को के हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका। (५) आराम करने के बाद वे अच्छी तरह काम कर सकेंगे। (६) यात्री बम्बई के सब सुंदर स्थानों का परिचय पा सके। (७) रूसी

संघ में हर आदमी इंजीनियर, डाक्टर, शिक्षक आदि बन सकता है। (८) रविवार को तुम सिनेमा जा सकोगी?—हाँ, जा सकूँगी। (९) तुम मराठी बोल सकते हो?—हाँ, बोल सकता हूँ। (१०) मैं आपके साथ शतरंज खेल नहीं सकता। (११) हम उन की बात नहीं समझ सके। (१२) तुम मुझे रास्ता दिखा सकते हो?—जी हाँ, क्यों नहीं? (१३) मैं हमारे शिक्षक का पूरा पता बता सकता हूँ। (१४) वह इस सवाल का जवाब नहीं दे सका। (१५) तुम यह किताब कितने दिन में पढ़ सकोगे?—दो-तीन दिन में पढ़ सकूँगा। (१६) मैं इतना नहीं खा सकता। (१७) तुम वहाँ क्यों नहीं जा सकीं? (१८) आप अपने साथ यह सब सामान ले जा सकेंगे?—ज़रूर ले जा सकूँगा। (१९) वह यह काम ज़रूर पूरा कर सकेगा। (२०) आप सब ख़बरें अख़बारों से जान सकेंगे।

5. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Каждый студент может хорошо учиться. (2) Я не смогла прийти сюда в выходной день. (3) В нашей стране каждый человек может получить образование. (4) Мы смогли остановиться в Дели только на три дня. (5) Только вечером она смогла вернуться в город. (6) После отдыха вы сможете осмотреть Бомбей и его красивую естественную гавань. (7) Сможет ли он перевести этот рассказ на язык хинди? (8) Несомненно, я смогу помочь вам в этом. (9) Мы можем закончить эту работу в пять дней. (10) Я очень рад, что смог помочь ему. (11) Вы можете отправить ваши вещи пароходом. (12) Почему ты не пришел ко мне вчера? — Я был болен. (13) Они могут лететь туда самолетом. (14) Он может достать эту книгу в любой библиотеке. (15) Мы не сможем вернуться вовремя. (16) В этом году, так же как и в прошлые годы, сотни тысяч российских людей смогут отдохнуть на берегу Черного моря. (17) Где я могу встретиться с Вами завтра? (18) Кто может ответить на этот вопрос? (19) Что Вы можете рассказать о столице Индии городе Дели? (20) Я не смог купить эту книгу. (21) Ты сможешь прийти ко мне завтра утром?

पाठ

दुकान

२५) रुसी संघ में क्या क्या सिक्के चलते हैं?

२६) रुस के किन किन नगरों में मैट्रो की चक्राकार लाइनें भी हैं?

२७) मास्को की मैट्रो की गाड़ियाँ कितने मिनट के फ़र्क़ से आती जाती हैं?

२८) अक्तूबर क्रांति कब हुई थी?

२९) आपके ख़्याल में मास्को की मैट्रो का कौनसा स्टेशन सब से सुंदर है?

३०) मास्को के निवासियों को अपनी मैट्रो पर क्यों अभिमान है?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) हर विदेशी जो रुसी संघ की राजधानी आता है सब से पहले मास्को की मैट्रो की सैर करना चाहता है। मास्को की मैट्रो सारे संसार में प्रसिद्ध है। हर स्टेशन बहुत दूर से दिखाई देता है क्योंकि स्टेशन की इमारत के ऊपर "M" चिन्ह दिन-रात साफ़ नज़र आता है। यह चिन्ह बिजली की लाल रोशनी में ख़ूब चमकता है। उससे लोगों

को पता चलता है कि इस जगह भूगर्भीय रेलवे का स्टेशन है। स्टेशन वास्तव में तहख़ाने में है ऊपर सिर्फ़ स्टेशन की इमारत खड़ी है। इमारत के अंदर टिकटघर है। ऐस्केलेटर के सामने ख़ास गेट होता है जहाँ टिकट जाँचनेवाली औरत खड़ी है। इस गेट के अलावा सीढ़ियों के सामने अनेक स्वयंचालित मशीनें लगी हैं जिन में ख़ास सुराख़ हैं। लोग इनमें कुछ रुबल के सिक्के डालते हैं और चलती सीढ़ियों पर खड़े हो जाते हैं। सीढ़ियों की कम से कम दो क़तारें होती हैं। एक ऐस्केलेटर नीचे जाता है और दूसरा ऊपर।

२) हर एक स्टेशन में हवादार हॉल होता है जिसके दोनों ओर प्लेटफ़ार्म हैं। आप उस प्लेटफ़ार्म से ज़रूरी रेलगाड़ी में चढ़ते हैं। रेलगाड़ियाँ बड़ी तेज़ी से आती जाती हैं। गाड़ियाँ क़रीब हर मिनट-डेढ़ मिनट के फ़र्क़ से आती जाती हैं। डिब्बे के दरवाज़े विशेष प्रकार के हैं। वे आप से आप खुल जाते हैं और मुसाफ़िरों के उतरने और चढ़ने के बाद आप से आप बंद हो जाते हैं। डिब्बे में बड़ी आरामदेह और गद्दीदार सीटें हैं जो चमड़े से ढँकी हैं। इस में ५२ मुसाफ़िरों के बैठने और १२० के खड़े होने का स्थान है। डिब्बे में रोशनी की व्यवस्था भी बहुत अच्छी है। इससे वह दिन जैसा रोशन है। अनेक लोग कुछ न कुछ पढ़ते हैं। लोगों को मैट्रो में पढ़ने की आदत हो गयी है। जहाँ भी नज़र डालें कोई न कोई व्यक्ति ज़रूर पढ़ता है। पढ़ते वक़्त फ़ासला कुछ कम मालूम पड़ता है।

३) मैट्रो के स्टेशन के हॉल महल जैसे होते हैं। उनकी दीवारों और छतों पर अनेक चित्र बने हैं। कुछ स्टेशनों में संगमरमर की मूर्त्तियाँ हैं। हर एक स्टेशन की शैली निकट के क्षेत्र की विशेषता के आधार पर होती है। उदाहरण के लिये 'डिनामो' स्टेशन को लीजिये। यहाँ की दीवारों पर खेल-कूद से संबंधित चित्र बने हैं। एक स्टेशन सफ़ेद संगमरमर से बना है, दूसरा लाल से और तीसरा काले या

पीले संगमरमर से। एक स्टेशन अपने खंभों के लिये प्रसिद्ध है और दूसरा अपनी मूर्त्तियों के लिये मशहूर है। चक्राकार लाइन के 'कोम्सोमोल्स्काया' स्टेशन ने अपने झाड़-फ़ानूसों के लिये ख्याति पायी है।

४) मास्को की मैट्रो की पहली लाइन १९३५ में बन चुकी थी। उसका विस्तार साढ़े ग्यारह किलोमीटर था। १९३८ में दूसरी लाइन बन चुकी थी। अब मास्को में दस लंबी लाइनें और एक चक्राकार लाइन बन चुकी हैं। शहर के अंदर मैट्रो का पूरा जाल बिछ गया है। रेलगाड़ी प्रति घंटे में पचास किलोमीटर से ज़्यादा का फ़ासला तय करती है। वह स्टेशनों के बीच का फ़ासला दो-चार मिनट में पूरा करती है। मैट्रो का किराया कुछ रुबल है। यह किराया दूर या नज़दीक हर फ़ासले तक के लिये है। अगर आप स्टेशन से बाहर नहीं निकलते तो जहाँ चाहें जा सकते हैं। गाड़ी बदलते समय आपको और पैसे देने की ज़रूरत नहीं है।

५) मैट्रो का तापमान सदा एक ही होता है। वहाँ पर न सर्दी लगती है न गर्मी। मैट्रो में सदा भीड़ रहती है। सुबह सवेरे जब कर्मचारी और मज़दूर लोग काम पर जाते हैं और शामको जब वे काम से लौटते हैं मैट्रो में बड़ी भीड़ लगती है। लेकिन उस वक़्त भी मैट्रो के स्टेशनों में और रेलगाड़ियों में सख़्त गर्मी नहीं होती, क्योंकि ताज़ी हवा आने की व्यवस्था बहुत अच्छी है।

६) मास्को की मैट्रो में यातायात की रुकावट कभी नहीं होती। हर एक स्टेशन में विशेष स्वयंचालित मशीन है जो इस बात की जाँच करती है कि गाड़ियाँ ठीक समय पर आवें जावें। इस दृष्टि से भी मास्को की मैट्रो बेजोड़ है।

७) (१) भारी उद्योग अर्थव्यवस्था का आधार है । सौ साल पहले रुस देश में भारी उद्योग नहीं था । जो बडे बडे कारखाने और मिलें थीं वे ज्यादातर विदेशी लोगों के हाथों में थे। अक्तूबर क्रांति के बाद भारी उद्योग कायम होने लगा ।

बहुत से नये उद्योगों का निर्माण भी शुरू हुआ। देश में मोटरें, बसें, हवाई जहाज आदि चीजें बनने लगीं। अभी रुसी संघ का उद्योग इतने मजबूत हो गये हैं कि उनकी बराबरी अनेक देशों के उद्योगों से हो सकती है। (२) त्रेत्याकोव चित्रशाला की ख्याति सारी दुनिया में फैल गयी है। बहुत से लोगों का ख़याल है कि दुनिया भर में ऐसी चित्रशालाएँ कम हैं जो उसकी बराबरी कर सकें। (३) भारत की एक प्रसिद्ध इमारत ताजमहल सफ़ेद संगमरमर से बनी है। कला की दृष्टि से यह महल बेजोड़ है। उसकी दीवारों और छतों पर भारतीय कला के बहुत अच्छे नमूने हैं। महल के अंदर एक बड़ा हॉल है जिसकी छत में बड़ा सुंदर झाड़-फ़ानूस लटका है। (४) यह क्या क़तार है?—बस नं० बीस के लिए है। ओहो, देखो, वह कितनी लंबी है!—कुछ नहीं, बहुत सी बसें आती जाती हैं और यह क़तार जल्दी ही ख़त्म हो जाएगी। क़तार में खड़े हो जाओ। (५) इन चित्रों की तुलना कीजिये। मेरे ख़याल में दायाँ चित्र ज़्यादा अच्छा है। —नहीं भाई, मेरे विचार में यहाँ रोशनी की बात है। देखिये वह किस ओर से पड़ती है! (६) हमने दो बार गाड़ी बदली है। (७) वहाँ पहुँचने में दो घंटे लगे और शाम को सात बजे ही हम वापस आ गये। (८) दो बजे हैं, पढ़ाई ख़त्म होने में डेढ़ घंटे रह गये। (९) सीढ़ियाँ उतरने के बाद हम ने एक हवादार हॉल में प्रवेश किया। वह बड़े खंभों का हॉल था। दीवारों पर सुंदर चित्र लटके थे। हर कोने में और खंभों के बीच सफ़ेद संगमरमर की मूर्त्तियाँ थीं। (१०) मेरे बड़े भाई के एक मित्र चित्रकला में बड़ी दिलचस्पी लेते हैं। अब वे भारत की चित्रकला का अध्ययन करते हैं। (११) मैं ने देर तक आपकी प्रतीक्षा की थी, परन्तु आप नहीं आयीं। प्रतीक्षा में पूरे दो घंटे हो गये। मैं ने इतना वक़्त ख़र्च किया। मैं आपकी प्रतीक्षा फिर कभी नहीं करूँगी। (१२) मैट्रो में जिन्हें जल्दी होती है वे चलती सीढ़ियों पर भी

तेज़ी से दौड़ते हैं। (१३) मैं भूख अनुभव कर रहा हूँ क्योंकि सुबह से कुछ नहीं खाया।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये

(1) Какая станция метро находится близ вашего дома? (2) Какой радиус метро в Москве вам больше всего нравится? (3) Сколько стоит проезд на метро в нашей столице? (4) Сколько станций имеет Московский метрополитен? (5) Почему многие сравнивают станции московского метро с дворцами? (6) Когда в метро бывает особенно много народа? (7) Почему москвичи так гордятся своим метро? (8) На каких станциях московского метро нет эскалаторов? (9) Почему метро наиболее удобный вид транспорта? (10) Есть ли метро в Дели? (11) Каково расстояние между Москвой и Дели?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

टिकट लेना; दूर से; बैठने का स्थान; ताज़ा हवा आने की व्यवस्था; गाड़ी में चढ़ना; कम ख़र्च में; सवाल उठना; मैट्रो का किराया; किराया चुकाना; रेलों का जाल; संगमरमर की दीवार; क़तार में खड़ा होना; सीढ़ियों से उतरना; कम से कम समय में; जैसी आपकी इच्छा है।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Средства транспорта; в древние времена; стиль работы; мраморная скульптура; выйти на перрон; делать пересадку; со всех точек зрения; отрасли промышленности; согласно моему желанию; чувствовать холод; близлежащие районы; оказаться верным; на базе тяжелой промышленности; разменивать десять рублей по два рубля; сесть в поезд.

7. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Строительство метро в Москве началось в 1932 году, и первая очередь была закончена к маю 1935 года. (2) Мой отец купил эту люстру в прошлом году. (3) Он вышел на перрон до прихода поезда. (4) Прежде чем взойти на эскалатор, необходимо опустить жетон в специальный автомат. (5) Не успели мы зайти в зал и сесть на свои места, как фильм начался. (6) Когда они пришли на вокзал, поезд уже ушел.

II. (1) Она уже осмотрела почти все станции метро. (2) Он уже заплатил за билет. (3) Я уже бывал в этом городе. (4) Сойдем, мы уже приехали.

III. (1) Поезд вышел из туннеля, и вдали показался огромный город. (2) Справа виднелся лес. (3) Он показался мне очень хорошим человеком. (4) На другой стороне улицы ясно виднеется эмблема метро — большая буква (अक्षर м) «М».

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

सुविधाजनक	मशीन
हवादार	लाइन
गद्दीदार	हॉल
चक्राकार	सीट
स्वयंचालित	साधन
प्रति	साल
आरामदेह	क़तार
पिछला	शैली
भूगर्भीय	डिब्बा
वर्तमान	रेलवे
लंबी	ज़माना
दिलचस्प	ख़याल

9. रूसी में अनुवाद कीजिये और मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) मास्को के ऐतिहासिक संग्रहालय की **ख्याति** आजकल संसार भर में **फैल चुकी है**। (२) मुझे वहाँ **जाने की इच्छा** न थी। (३) इसका कोई **नतीजा** नहीं **निकला**। (४) **रेलगाड़ी** सुरंग से **निकली**। (५) उसका कुछ **पता** ही न **चला**। (६) रेलगाड़ी कितने बजे आएगी? — **पता नहीं**। (७) दिन में हम कई बार **सीढ़ियों पर चढ़ते हैं** और **उनसे उतरते हैं**। (८) मैट्रो में **सीढ़ियाँ उतरने** के बाद लोग **प्लेटफ़ार्म पर पहुँच जाते हैं**। (९) गाड़ी **प्लेटफ़ार्म पर आ गयी**। (१०) रेलगाड़ी **प्लेटफ़ार्म नंबर ४ से रवाना**

होती है। (११) इस चित्र **की** उस चित्र **से तुलना कीजिये।** (१२) पिछले साल **की तुलना में** इस साल की फ़सल ज़्यादा अच्छी है। (१३) **हर दृष्टि से** मास्को की मैट्रो बेजोड़ है। (१४) वह **टिकट जाँचता है।** (१५) उसने **एक रुपये को दस दस पैसे के सिक्कों में भुना दिया।** (१६) मैं ने अपने **कपड़े बदल लिये हैं।** (१७) हमने दो कमरे **किराये पर ले लिये।** (१८) पिता जी ने **मकान का किराया चुका दिया।** (१९) सभी लोगों को अपनी ऐतिहासिक **विजयों पर उचित अभिमान** है। (२०) मैं अपने बेटे **पर अभिमान करता हूँ।** (२१) हवाई जहाज़ **यातायात का वर्तमान साधन है।** (२२) **नदी द्वारा माल का यातायात** रेल से कहीं सस्ता है।

10. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) मास्को की मैट्रो ... हर किसी ने सुना है। (२) ज़ार के ... में रूस में मैट्रो का निर्माण नहीं हो सका था। (३) भारी उद्योग के ... में बड़े बड़े जहाज़, हवाई जहाज़ आदि वर्तमान मशीनें बनते हैं। (४) इस कारख़ाने में अनेक ... काम करते हैं। (५) मेरे ... में मास्को की मैट्रो संसार भर में सब से सुंदर है। (६) मैट्रो का ... दूर से दिखाई देता है क्योंकि वह बिजली की लाल ... में ख़ूब चमकता है। (७) मुझे ... नहीं है आपको कहाँ गाड़ी बदलना ज़रूरी होगा। (८) मैट्रो के ऐसे स्टेशन भी हैं जिनमें चलती सीढ़ियों की चार ... हैं। (९) इस हॉल में ... के खंभे हैं। (१०) ज़ार के रूस में लोगों का ... बहुत मुश्किल था। (११) छत में जो ... ... लटका है वह हरे शीशे से बना है। (१२) अक्तूबर ... मज़दूरों और किसानों की ... थी। (१३) मास्को की मैट्रो के हर एक स्टेशन की ... निकट के क्षेत्र की विशेषता के आधार पर होती है। (१४) पुश्किन संग्रहालय में आप संगमरमर की बहुत सुंदर ... देख

सकते हैं। (१५) इस सफ़र में कितने ... लगेंगे? (१६) मास्को की मैट्रो में यातायात में ... नहीं हो सकती क्योंकि दो तरफ़ जानेवाली गाड़ियों के लिये अलग अलग ... हैं। (१७) इस डिब्बे में कितने ... के बैठने का स्थान है? (१८) इस रेल लाइन का ... दो हज़ार किलोमीटर है। (१९) इन दोनों नगरों के बीच के फ़ासले को ... ... में कितना वक़्त लगेगा। (२०) एक रूबल को बीस कोपेक के पाँच ... में भुनाइये। (२१) इस मिल के मज़दूरों को अपनी कामयाबियों पर उचित ... है। (२२) कुरसियों की सीटें ... हैं और ... से ढँकी हैं। (२३) मैट्रो के डिब्बों के दरवाज़े ... से ... खुल जाते हैं और बंद हो जाते हैं। (२४) इस मूर्त्ति की ... किसी दूसरी मूर्ति से कीजिये और आप उन में ... समझ लेंगे। (२५) तुम किस बात में ... लेते हो?—आम तौर पर बहुत बातों में, लेकिन ख़ास तौर पर शतरंज खेलने में। (२६) यह ... ख़ाली है? बैठने की इजाज़त दीजिये। (२७) भारत के फल बहुत मज़ेदार होते हैं। ... के लिये आम लीजिये, शक्कर जैसा मीठा है। (२८)... में मैट्रो के स्टेशन तहख़ाने में होते हैं। (२९) मास्को की मैट्रो के स्टेशनों के हॉल बहुत... होते हैं।

11. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Вчера вечером ко мне приехал мой старый товарищ. Перед отъездом в Москву он послал мне телеграмму, и я встретил его на вокзале. Много лет тому назад он закончил Московский университет и уехал работать на Север. Он давно хотел снова побывать в Москве. За последние годы Москва очень изменилась. Построено много новых фабрик, заводов, школ, институтов, больниц и жилых домов. Там, где когда-то стоял маленький домик моего друга, сейчас возвышается (построено) прекрасное здание станции метро. Оно выделяется среди других строений, так как наверху его ярко светится большая буква «М». Эту эмблему метро хорошо видно и ночью и в самый пасмурный день. На метро москвичи быстро добираются в самые отдаленные районы города. Москвичи гор-

дятся своим лучшим в мире метро. Многие станции — это огромные просторные залы под землей. На потолках и стенах этих залов вы можете увидеть прекрасные образцы живописи народов нашей страны. На потолке висят красивые люстры.

Прежде чем спуститься по эскалатору к поездам, необходимо купить билет или опустить жетон в специальное отверстие автомата. Стоимость билета в метро, независимо от расстояния, — несколько рублей. На поверхность вы можете выйти на любой станции, а на некоторых станциях, кроме того, перейти на другой радиус.

II. Метро в нашей стране строится в больших городах. Метро — это подземная железная дорога. Поезда этой дороги движутся с помощью электричества. В поездах и на станциях метро светло как днем.

Поезда подходят к платформе с интервалом в полторы-две минуты. В вагонах мягкие кожаные диваны, на которых могут разместиться более 50 пассажиров. Сидения очень удобные. Москвичи любят читать в метро. Читают все: и старики и дети.

В Москве ежедневно метро перевозит около пяти миллионов пассажиров. Метро — один из самых удобных видов транспорта. Особенно приятно ехать на метро зимой, когда на улице стоит сильный мороз. В метро всегда тепло, но благодаря хорошей системе вентиляции никогда не бывает жарко.

Сейчас в Москве построено десять радиусов метро и строятся другие. В московском метро более ста станций. Многие станции представляют собой великолепные образцы советского строительного искусства. Особенно красивы такие станции, как «Маяковская», «Площадь Революции». «Курская-кольцевая».

III. (1) Тяжелая промышленность является основой нашей экономики. (2) Мне очень нравится стиль Тургенева. (3) Он хорошо плавает. (4) Протяженность первой в России железнодорожной линии Петербург — Царское Село составила 32 *км*. (5) Вы уплатили за квартиру? — Да, заплатил. (6) Я горжусь успехами своей страны. (7) Служащие нашего учреждения живо интересуются искусством Индии. (8) Он прибежал домой и быстро переоделся. (9) Самолет пролетает расстояние между Дели и Москвой за шесть с половиной часов. (10) Я много раз читал эту книгу. (11) Все, что он сказал, оказалось правдой.

12. इन कहानियों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(क) मास्को में यातायात के साधन

मास्को में यातायात के साधन बहुत ही सुविधाजनक हैं। सारे नगर में सुरंग की रेलों—मैंट्रो, ट्रालीबसों[1], ट्रामों तथा बसों का जाल बिछा है। यातायात के ये साधन पिछले पचास साल के भीतर काम में आने लगे। उससे पहले वहाँ सिर्फ़ ट्रामें और घोड़ा-गाड़ियाँ चलती थीं। आज घोड़ा-गाड़ियाँ नज़र नहीं आती हैं।

लोगों का यातायात सब से अधिक मैंट्रो द्वारा होता है। पिछले चालीस सालों में ट्रालीबसें भी ज़्यादा चलने लगीं। उनकी लाइनों का विस्तार कई सौ किलोमीटर तक हो गया है। मास्को में उनकी संख्या हज़ार के लगभग पहुँच गयी है, मामूली बसें साढ़े तीन हज़ार के लगभग हैं, टैक्सियाँ[2] कोई दस हज़ार हैं। टैक्सियों का किराया विशेष महँगा नहीं है।

नगर के यातायात के इन साधनों के अलावा मास्को में ९ रेलवे स्टेशन हैं जहाँ से विभिन्न स्थानों को गाड़ियाँ जाती हैं। रेल के अलावा बसें भी विभिन्न नगरों को जाती हैं। सड़कें और बसें अच्छी होने के कारण बहुत-से लोग बसों से जाना पसंद करते हैं।

माल तथा मुसाफ़िरों को लाने ले जाने में वोल्गा-दोन और मास्को-वोल्गा नहरें[3] बड़ी सहायता देती हैं। उन्हों ने मास्को नगर को सफ़ेद, बाल्टिक, कैस्पियन, आज़ोव तथा काले सागरों से मिला दिया है। इन नहरों में जहाज़ बड़े आराम से चलते हैं और उनके द्वारा विभिन्न नगरों के साथ माल तथा मुसाफ़िरों का आना जाना होता है। मास्को में तीन बंदरगाह हैं: उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी।

---

[1] ट्रालीबस 'троллейбус'.

[2] टैक्सी 'такси'.

[3] नहर 'канал'.

वर्तमान समय में हवाई यातायात भी बढ़ने लगा है। मास्को से अपने देश के विभिन्न नगरों को ही नहीं, दूसरे देशों को भी हवाई जहाज़ आते-जाते हैं। शहर में चार हवाई अड्डे हैं। पहला है व्नूकोवो, जो नगर से दक्षिण-पश्चिम में २४ किलोमीटर की दूरी पर है, दूसरा है शेरेमेत्येवो जो उत्तर में १२ किलोमीटर पर है, तीसरा है बिकोवो जो दक्षिण-पूर्व में ३२ किलोमीटर पर है, चौथा है दोमोदेदोवो। यह मास्को का सब से बड़ा हवाई द्वार है। यह हवाई अड्डा १९६३ में ही खुल गया था। अब दिल्ली पौर मास्को के बीच भो हवाई सेवा की व्यवस्था है।

(रव) लेनिनग्राद में

१९५७ की बात थी।

मास्को में एक महीने रहने के बाद में दूसरे युरोपीय देश देखने चला गया। आख़िर में फ़िनलैंड पहुँचा। हेलसिन्की से फिर रूस की ओर रवाना हुआ। जिस समय हवाई जहाज़ लेनिनग्राद के हवाई अड्डे पर उतरा, शाम के ६ बजे थे। वहाँ का समय हेलसिन्की के समय से आगे था। मैं एक बार फिर रूस में पहुँच गया था। लेनिनग्राद देखने की मेरी बड़ी इच्छा थी, क्योंकि मैं जानता था कि रूस के इतिहास में उस नगर का बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है। पहले रूस की राजधानी वहाँ थी।

लेनिनग्राद का हवाई अड्डा बहुत शानदार न होने पर भी काफ़ी अच्छा है। बड़ा भी ख़ूब है।

पासपोर्ट की जाँच हो जाने पर मेरी सहायता करनेवाले रूसी व्यक्ति ने पूछा कि शहर में कहाँ ठहरोगे? मैंने कहा, "मुझे पता नहीं। आप जहाँ कहेंगे, ठहर जाऊँगा।" उन्हों ने मेरा सामान बस में रखा और बस का किराया भी अपने पैसे से चुका दिया। हवाई अड्डे से शहर काफ़ी दूर है। रास्ते भर वह भाई शहर की कहानियाँ सुनाते थे और

उनके कारण रास्ता लंबा मालूम भी न पड़ा। शहर की सैर करने के बाद "अस्तोरिया" होटल पहुँचे। लेनिनग्राद के बड़े होटलों में से वह एक है। बड़ी लंबी-चौड़ी इमारत है उसकी। बहुत ही साफ़-सुथरी। मेरे दोस्त मुझे सेवा-दफ़्तर में ले गये। एक बहन ने मेरा पासपोर्ट देखने पर पूछा कि आप किस कारण यहाँ आये हैं? मैं ने कहा कि इस नगर को देखने के लिये आया हूँ जो रूस के इतिहास में इतना प्रसिद्ध रहा है और जिसने रूस की क्रांति में महत्त्वपूर्ण भाग लिया है। इस बहन ने कुछ देर तक सोचा और फिर ऊपर की मंज़िल के एक बड़े कमरे में मेरे ठहरने की व्यवस्था कर दी। सफ़र ख़तम हुआ।

(यशपाल जैन की पुस्तक 'रूस में छियालीस दिन' के आधार पर)

(ग) सफ़र

जब मैं स्कूल की पढ़ाई ख़तम कर चुका था तो मेरे पिता की मुझे विदेश भेजने की इच्छा हुई। उन्हों ने जहाज़ में एक स्थान पाने के लिये बम्बई में चिट्ठी भेजी। कुछ समय के बाद हमें ख़बर मिली कि हमारा जहाज़ आठ मार्च को बम्बई से चल पड़ेगा। इसलिये पिता जी ने सुझाव रखा कि हम तीन मार्च को अमृतसर से चल पड़ें। जब हम स्टेशन पर पहुँचे तो हमें मालूम हुआ कि उस वक़्त इंस्टीट्यूटों में गर्मी की छुट्टियाँ हुई हैं। इस कारण स्टेशन पर बड़ी भीड़ थी, एक के पीछे दूसरी घोड़ागाड़ी आ रही थी जिनमें विद्यार्थी बैठे थे। टिकटघर की खिड़की के पास भी बड़ी भीड़ खड़ी थी। सब लोग आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। मैं भी क़तार में खड़ा रहा और कुछ देर के बाद टिकट लिये। फिर हम अपने मित्रों के साथ प्लेटफ़ार्म पर पहुँच गये। इतने में रेलगाड़ी भी आ पहुँची। यात्री गाड़ी में बैठने लगे। बैठने-चढ़ने में लगभग एक घंटा लग गया और गाड़ी चलने लगी।

दूसरे दिन सुबह सवेरे हम दिल्ली के स्टेशन पर पहुँच गये। यह शहर ऐतिहासिक है और संसार में बहुत पुराना है। बहुत से राज्यों की राजधानी रहा है। आजकल यह वर्तमान भारत की राजधानी है। दिल्ली के बाद हम आगरा पहुँचे। यह नगर मुग़लों[4] के बादशाह शाहजहाँ की राजधानी थी। इसमें ताजमहल और क़िला बहुत मशहूर हैं। हम यमुना के पार हो गये और कुछ सफ़र के बाद ग्वालियर पहुँच गये। यह पहले एक राजा की राजधानी थी। ग्वालियर के बाद हमारी गाड़ी जयपुर पहुँची। जयपुर भी पहले एक राजा की राजधानी थी। यहाँ से आगे छोटे पहाड़ दिखाई देने लगे। मार्ग में गाड़ी के लिए कई सुरंगों से पार होना ज़रूरी था। आख़िर में हम बम्बई विक्टोरिया टर्मिनल नामक स्टेशन पर पहुँच गये। वहाँ पर मेरे पिता के एक मित्र थे। वह हमें लेने आये थे। हम उनके मकान में ठहर गये। जहाज़ चलने में तीन दिन बाक़ी थे। कुछ आराम करने के बाद हम सैर के लिये बाहर निकले। बम्बई एक बड़ा सुंदर शहर है। यह व्यापार का केंद्र है। इसकी बड़ी-बड़ी इमारतों, कारख़ानों, दुकानों और बंदरगाह को देखने में हमें तीन दिन लग गये। आख़िर में जानेका दिन आ गया। मेरा जहाज़ बंदरगाह में पहुँच गया। मैं उसमें चढ़ा और जहाज़ चल पड़ा।

(संत गोकुलचन्द्र शास्त्री की एक कहानी के आधार पर)

13. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Метрополитен столицы

Вопрос о постройке в Москве подземной железной дороги поднимался еще до революции, но «отцы города» не хотели строить «подземку». Предложение о строительстве метро было осуществлено только после революции.

Самое большое движение всегда было в северо-восточной части города, где расположены три крупнейших железнодорожных вокзала; на эти вокзалы прибывают поезда с разных концов стра-

[4] मुग़ल *ист.* 'Могол'.

ны. Поэтому строительство первой очереди метро началось отсюда — от Комсомольской площади к центру и от центра к Парку культуры им. Горького. Протяженность первой очереди метро составила 11,5 *км*. 15 мая 1935 года метрополитен имени В. И. Ленина был открыт, а строители перешли к сооружению второй очереди — от Смоленской площади до Киевского вокзала, от площади Революции до Курского вокзала и от «Театральной» до Сокола (на Ленинградском шоссе). В декабре 1936 года новая линия пересекла Москву-реку по специальному мосту длиной 500 *м* и подошла к Киевскому вокзалу. В сентябре 1938 года закончилось строительство второй очереди. В годы войны (**युद्ध** *м.*) шло строительство третьей очереди. Строителям нужно было проложить два туннеля под рекой Москвой. К 1944 году было закончено сооружение и этой очереди. В 1944 году началось строительство кольцевой линии метро. В январе 1950 года начали курсировать поезда на участке от станции «Парк культуры им. Горького» до станции «Курская» (около 7 *км*), а еще через четыре года, в марте 1954 года, была закончена линия «Белорусская» — «Парк культуры им. Горького». Кольцевая трасса связывает 18 районов города и семь вокзалов из девяти. В настоящее время протяженность всех линий составляет более 100 *км*, однако ведутся работы по сооружению новых линий и новых станций метрополитена. В Москве сейчас метро за сутки перевозит до шести миллионов человек. Наибольшая масса пассажиров приходится на часы с 7 до 10 и от 16 до 19. Для спуска и подъема пассажиров на станциях установлены движущиеся лестницы — эскалаторы. Подъем и спуск на эскалаторе занимает одну-две минуты. Поезда метро прибывают на станции с интервалом в одну-полторы минуты. В поездах установлены автоматические двери, которые сами раскрываются, когда поезд останавливается, и сами закрываются, когда он трогается. Москвичи любят свое метро и гордятся им.

14. मोटे टाइप में छपे शब्दों और शब्द-समुदायों के लिये प्रश्न बनाइये।

(१) मास्को में मैट्रो की **दूसरी** लाइन १९३८ में बनी थी। (२) मास्को की मैट्रो के हर स्टेशन की शैली **निकट के** क्षेत्र की विशेषता के आधार पर होती है। (३) इस संग्रहालय में **संगमरमर की** बहुत सी सुंदर मूर्त्तियाँ हैं। (४) रेलगाड़ी

प्लेटफ़ार्म पर पहुँच आयी। (५) गाड़ी इस स्टेशन पर **लगभग एक मिनट** ठहरती है। (६) **मैट्रो का चिह्न** दूर से दिखाई देता है। (७) मेरी **भारत को** देखने की इच्छा है। (८) हमने दो जगह **गाड़ी बदली थी**। (९) मैट्रो में चलती सीढ़ियों के सामने **स्वयंचालित** मशीनें लगी हैं। (१०) मैट्रो के डिब्बों की सीटें **गद्दीदार** हैं और **चमड़े** से ढँकी हैं। (११) मैट्रो की छतों में **झाड़-फ़ानूस** लटके हैं। (१२) **मास्को की मैट्रो की ख्याति** वह पहले ही सुन चुका था।

15. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

समय, प्रति, ख़ूब, व्यक्ति, क्षेत्र, मुसाफ़िर, ऐस्केलेटर, ख़्याल, नज़दीक, फ़ासला, अर्थात्, ख़ुद।

16. अपने घर के निकट के मैट्रो के स्टेशन के बारे में एक कहानी लिखिये।

17. निम्नलिखित बातचीत का रूसी में अनुवाद कीजिये।

– दिल्ली के लिये रेलगाड़ियाँ किस स्टेशन से जाती हैं?

– विक्टोरिया टर्मिनल स्टेशन से।

– वहाँ का रास्ता बता दीजिये।

– अगर पैसे हैं तो टैक्सी से जाइये। अगर पैसे कम हैं तो वहाँ पर बस नंबर दस जाती है।

– बस कहाँ ठहरती है?

– इस सड़क के नुक्कड़ पर।

– शुक्रिया, भाई।

* * *

– जी, विक्टोरिया स्टेशन तक जा रहा हूँ, मुझे बताइये कि मैं कब उतरूँ।

– अभी बताता हूँ।

– कितनी देर में स्टेशन पहुँच सकता हूँ?

– बीस-पचीस मिनट में।

* * *

–मेरे लिए दिल्ली जाना ज़रूरी है।
–कब जाना चाहते हैं?
–कल जा रहा हूँ।
–कल तीन गाड़ियाँ दिल्ली के लिये रवाना हो जाएँगी।
–मैं सुबह की गाड़ी से जाना चाहूँगा। क्या टिकट मिल जाएगा?
–सुबह के टिकट बिक चुके हैं। दोपहर की गाड़ी से जाइये।
–सोने की जगह मिलेगी?
–मिल जाएगी।
–क्या किराया होगा?
–बीस रुपये।
–अच्छा, पैसा ले लेना। दस, पंद्रह, बीस। ठीक है?
–एक मिनट, हाँ, जी, बिलकुल ठीक है।

* * *

–दिल्ली की डाकगाड़ी कौनसे प्लेटफ़ार्म पर मिलेगी?
–प्लेटफ़ार्म नंबर दो पर।
–जी, अपना टिकट दिखा दीजिये।
–यह है।
–गाड़ी में जल्दी चढ़ जाइये। वह जानेवाली है।
–क्या इस गाड़ी में खाने का डिब्बा लगा है?
–जी हाँ, हमसे दायीं तरफ़ तीसरा। भाइयो, चढ़ जाना, गाड़ी चल पड़ी।
–अगला कौनसा बड़ा स्टेशन होगा?
–पटना होगा।
–वहाँ कितनी देर ठहरेंगे?
–दस मिनट।

— इसमें चाय मिलेगी?
— मिलेगी ज़रूर।

18. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

26 938 279; 963 485 710; 444 555 888; 732 564 839; 62 602 260; 13 999 381; 654 859 376; 399 979 889; 12 150 620; 890 440 150.

19. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

४ करोड़ ६३ लाख ४७ हज़ार ७८६; ८८ करोड़ ६२ लाख ७७ हज़ार ६१६; ५६ करोड़ ३६ लाख ६८ हज़ार ६४८; ६० करोड़ ३८ लाख ६५ हज़ार ७५२।

УРОК XIII

ГРАММАТИКА

ГЛАГОЛ

СТРАДАТЕЛЬНЫЙ ЗАЛОГ

Глаголу в языке хинди свойственны два залога: действительный и страдательный. В действительном залоге употребляются глаголы как переходные, так и непереходные, а в страдательном — только переходные.

ОБРАЗОВАНИЕ СТРАДАТЕЛЬНОГО ЗАЛОГА

Формы страдательного залога — сложные, аналитические. Они образуются сочетанием простого причастия совершенного вида спрягаемого (основного) глагола с формами глагола जाना 'идти', 'уходить', например: पढ़ा जाना 'быть прочитанным', लिखा जाना 'быть написанным', किया जाना 'быть сделанным'.

В страдательном залоге причастие совершенного вида спрягаемого (основного) глагола изменяется только по родам и числам (в мужском роде), а формы служебного глагола जाना выражают различные грамматические значения: они указывают на лицо, род, число, время, наклонение, вид, например: ये पुस्तकें कल भेजी जाएँगी 'Эти книги завтра будут отосланы'; चिट्ठी पढ़ी जा रही है 'Письмо читается'.

Когда в предложении имеются два или более однородных сказуемых, выраженных глаголами в страдательном залоге, глагол जाना часто употребляется один раз — после последнего причастия, например: चिट्ठी लिखी और भेजी गयी थी 'Письмо было написано и отправлено'.

Для страдательного залога характерны подлежащная и бесподлежащная конструкции предложения.

В **подлежащной** конструкции предложения в центре внимания находится объект — носитель действия. Поэтому имя или местоимение, выражающие его, стоят в прямой форме, например: **ये लड़कियाँ देखी जाती हैं** 'Эти девушки видимы', 'Этих девушек видят'.

В **бесподлежащной** конструкции предложения внимание сосредоточено не на объекте действия, а на самом действии. В таком предложении имя существительное или местоимение, обозначающие лицо или предмет, подвергшийся действию, употребляются в косвенной форме с послелогом **को** (местоимения используются и в объектном падеже), например: **उसको पीटा गया** 'Его избили'.

Страдательному залогу присущи почти все формы, характерные для действительного залога.

Подлежащная конструкция

В подлежащной конструкции (как и в субъектной конструкции действительного залога) сказуемое согласуется с подлежащим в лице, роде и числе в соответствии с формой времени, наклонения, вида глагола-сказуемого, например: मैं देखा जाता हूँ 'Я видим', 'Меня видят'; ये किताबें पढ़ी गयीं 'Эти книги прочитаны'; पत्र लिखा जाए 'Письмо следует написать'; यह काम किया जा रहा है 'Эта работа делается'.

Спряжение глагола देखना 'видеть', 'смотреть' в подлежащной конструкции страдательного залога

Настоящее время

Мужской род

Ед. число	Мн. число
मैं देखा जाता हूँ	हम देखे जाते हैं
तू देखा जाता है	तुम देखे जाते हो
	आप देखे जाते हैं
यह, वह देखा जाता है	ये, वे देखे जाते हैं

Женский род

मैं देखी जाती हूँ	हम देखी जाती हैं
तू देखी जाती है	तुम देखी जाती हो
	आप देखी जाती हैं
यह, वह देखी जाती है	ये, वे देखी जाती हैं

Бесподлежащная конструкция

В бесподлежащной конструкции (аналогично нейтральной конструкции действительного залога) сказуемое ни с чем не согласуется. Глагол-сказуемое выступает неизменно в форме 3-го лица единственного числа мужского рода, например: इन लोगों को वहाँ भेजा गया है 'Этих людей туда послали'; किताब को पढ़ा जा रहा है 'Книгу читают'.

Спряжение глагола देखना 'видеть', 'смотреть' в бесподлежащной конструкции страдательного залога

Настоящее время

Мужской и женский род

Ед. число	Мн. число
मुझ को (मुझे) देखा जाता है	हम को (हमें) देखा जाता है
तुझ को (तुझे) देखा जाता है	तुम को (तुम्हें) देखा जाता है
	आप को देखा जाता है
इस को, उस को (इसे, उसे) देखा जाता है	इन को, उन को (इन्हें, उन्हें) देखा जाता है

УПОТРЕБЛЕНИЕ СТРАДАТЕЛЬНОГО ЗАЛОГА

Формы страдательного залога употребляются:

1. Когда в центре внимания говорящего находятся лицо или предмет, являющиеся объектом действия. Это лицо или предмет служат в предложении подлежащим и расположены на первом месте. Сам производитель (агент) действия обычно не находится в центре внимания и указывается довольно редко, например: चिट्ठियाँ दुनिया के सब देशों में भेजी जाती हैं 'Письма посылаются во все страны мира'. В случаях, когда производитель (агент) дейст-

вия[1] указывается, он выступает в функции субъекта действия, выраженного именем или местоимением в косвенном падеже с тем или иным послелогом. Чаще всего этими послелогами являются से 'с', [के] द्वारा, के ज़रिये 'посредством', 'при помощи'; की तरफ़ (ओर) से 'со стороны', 'от имени', например: घर उस से बेचा गय 'Дом им продан'; यह पुस्तक उस के बाप से (के द्वारा, के ज़रिये) भेजी गयी थी 'Эта книга была послана его отцом'.

2. Когда производитель (субъект) действия как бы остается за рамками повествования или не имеет конкретного выражения, например: यह इमारत नगर के केंद्र में बनायी गयी है 'Это здание построено в центре города'.

Некоторые по формообразованию в действительном залоге непереходные глаголы, например: बोलना 'говорить', लाना 'приносить', в страдательном залоге употребляются как переходные: वह मुझ से बोला 'Он поговорил со мной'; भारत में बहुत भाषाएँ बोली जाती हैं 'В Индии говорят на многих языках'; तुम किताब लाये हो? 'Ты принес книгу?'; किताब लायी गयी है 'Книга принесена', 'Книгу принесли'.

Для обозначения средства или орудия совершения действия, выраженного глаголом в страдательном залоге, употребляются послелоги से, [के] द्वारा, के ज़रिये, например: चिट्ठी पेंसिल से लिखी गयी 'Письмо написано карандашом'; किताबें डाक [के] द्वारा (के ज़रिये) भेजी गयी हैं 'Книги отправлены по почте'.

ОСОБЕННОСТИ ПЕРЕВОДА ФОРМ СТРАДАТЕЛЬНОГО ЗАЛОГА НА РУССКИЙ ЯЗЫК

Подлежащные конструкции страдательного залога могут переводиться на русский язык тремя способами: глаголом с суффиксом *-ся*, кратким страдательным причастием и неопределенно-личной

---

[1] Следует иметь в виду, что наличие в предложении производителя действия обычно предопределяет употребление в языке хинди форм действительного залога, например: उस ने किताब पढ़ी है। 'Он прочитал книгу (книга им прочитана)'.

формой глагола, например: यह किताब पढ़ी जाती है 'Эта книга читается'; घर बनाया जाएगा 'Дом будет построен'; वह बुलाया जाता है 'Его зовут'.

Бесподлежащная конструкция страдательного залога переводится на русский язык только неопределенно-личной формой глагола, например: उस को रास्ते में देखा गया 'Его видели на улице'.

Субъект действия в страдательных конструкциях хинди в большинстве случаев переводится на русский язык субъектом, выраженным именем или местоимением в творительном падеже, например: यह चिट्ठी राम द्वारा लिखी गयी 'Письмо написано Рамом'.

ПРИДАТОЧНЫЕ ПРЕДЛОЖЕНИЯ ЦЕЛИ

Придаточные предложения цели присоединяются к главному при помощи союзов цели कि и ताकि 'чтобы' и относятся к сказуемому главного предложения. В главном предложении может выступать союзное слово इसलिये 'для того', 'затем'. Сказуемое в придаточном цели обычно выражается простой формой сослагательного наклонения. Придаточные предложения цели всегда следуют за главным, например: वह यहाँ आया है कि आप से मिले 'Он прибыл сюда, чтобы встретиться с Вами'.

ИМЕННЫЕ ОБРАЗОВАНИЯ С СУФФИКСОМ वाला

Суффикс वाला — один из самых продуктивных в системе именного словообразования языка хинди.

Особенностью имен, образованных суффиксом वाला, является их лексическая неустойчивость. Многие из них постоянными лексическими единицами не являются и образуются каждый раз непосредственно в речи. Поэтому большинство слов с суффиксом वाला в словарях отсутствует. Значения таких слов определяются из контекста по значению слова-основы. Слова с суффиксом वाला более характерны для разговорного, чем для литературного языка.

При помощи суффикса वाला в основном образуются следующие имена существительные:

1. Названия лиц, владеющих предметом, обозначенным основой, например: घरवाला 'хозяин дома' (घर 'дом'), दुकानवाला 'лавочник', 'хозяин магазина' (दुकान 'лавка', 'магазин').

2. Названия лиц по роду их занятий, деятельности, профессии, например: गाड़ीवाला 'извозчик' (गाड़ी 'телега', 'повозка')› रोटीवाला 'булочник', 'пекарь' (रोटी 'хлеб').

3. Названия лиц по их принадлежности к какой-либо местности, территории, стране, например: मास्कोवाला 'москвич' (मास्को 'Москва'), शहरवाला 'горожанин' (शहर 'город'), दक्षिणवाला 'южанин' (दक्षिण 'юг'), फ़ांसवाला 'француз' (फ़ांस 'Франция').

4. Названия лиц по их принадлежности к какой-либо партии, организации, например: कांग्रेसवाला 'член партии Индийский национальный конгресс' (कांग्रेस 'партия Индийский национальный конгресс').

При обозначении названий лиц женского пола конечный ग्रा суффикса वाला заменяется на ई, например: घरवाली 'хозяйка дома', 'жена'.

Имена существительные, образованные посредством суффикса वाला (वाली), изменяются аналогично существительным мужского и женского рода, оканчивающимся соответственно на ग्रा и ई, например: घरवाला – घरवाले – घरवालों ; घरवाली – घरवालियाँ – घरवालियों.

Следует помнить, что имена существительные, образованные посредством суффикса वाला, могут употребляться и как прилагательные.

Имена с суффиксом वाला очень часто переводятся на русский язык описательно.

Они образуются от:

1) существительных, например: दाढ़ीवाला 'бородатый'; 'бородач' (दाढ़ी 'борода').

Образование имен при помощи суффикса वाला от существительных имеет две особенности:

а) при образовании их от существительных, оканчивающихся на आ, конечный आ заменяется на ए так же, как это имеет место перед послелогами, например: पैसेवाला 'богатый'; 'богач' (पैसा 'пайса'; 'деньги');

б) при образовании имен от существительных во множественном числе последние принимают форму косвенного падежа множественного числа, например: बालोंवाला 'волосатый' (बाल 'волосы').

2) наречий, например: सामनेवाला 'находящийся впереди', 'передний' (सामने 'впереди');

3) словосочетаний существительного с прилагательным или числительным, например: काले बालोंवाला 'черноволосый' (काले बाल 'черные волосы'); दो खिड़कियोंवाला 'с двумя окнами' (दो खिड़कियाँ 'два окна');

4) словосочетаний существительного или местоимения с послелогами, например: दरवाज़े के पास वाला 'прилегающий к двери' (दरवाज़े के पास 'около двери'); उस के नीचेवाला 'находящийся под ним' (उस के नीचे 'под ним').

Прилагательные с суффиксом वाला согласуются с определяемым словом подобно изменяемым прилагательным на आ, например: काले बालोंवाली लड़की 'черноволосая девушка'.

Иногда (преимущественно в разговорной речи) суффикс वाला употребляется плеонастически, например: अच्छावाला 'хороший' (अच्छा 'хороший'), बुरावाला 'плохой' (बुरा 'плохой') и т. п.

अभ्यास

1. कर्मवाच्य में काल-रचना कीजिये।

पहुँचाना, लाना, भेजना।

2. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) चिट्ठी लिखी जा रही है। (२) चाय में शक्कर डाली जाती है। (३) आजकल रूसी भाषा सारे रूसी

संघ में बोली जाती है। (४) हमारे नगर में बहुत से नये घर बनाये जा रहे हैं। (५) लड़के से दूध पिया गया है। (६) यह चिट्ठी आज भेजी जाएगी। (७) यह नया पुल बहुत मज़बूत बनाया गया है। (८) बीमार लोग अस्पताल में भेजे जाते हैं। (९) हमारी सड़क पर नयी इमारत बनायी जा रही है। (१०) बर्लिन के ऊपर विजय का झंडा लगाया गया था। (११) पुराने ज़माने में किताबें हाथों से लिखी जाती थीं। (१२) हमारे लिए होटल में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। (१३) दरवाज़ा माँ से खोला गया था। (१४)आज कोई चिट्ठी डाक से नहीं भेजी गयी। (१५) ऐसा कहा जाता है। (१६) पिछले साल हमारे घर के सामने बहुत से पेड़ लगाये गये थे। (१७) ऐसा नहीं लिखा जाता। (१८) हमारे देश में नये साल की तैयारियाँ बहुत समय पहले से ही की जा रही हैं। (१९) ये सब बातें तुम को कई बार पहले भी समझायी गयी थीं। (२०) आप से यह बात बाद में पूछी जाएगी। (२१) क्या यह सब उसकी प्रार्थना के अनुसार किया जाता है? (२२) उस इलाक़े में लगभग सारा जंगल साफ़ किया गया है।

3. कोष्ठकों में दी गयी क्रियाओं को कर्मवाच्य में लिखिये।

(१) अब इस बीमारी का इलाज (करना)। (२) हमारे देश में गाँवों और शहरों के बीच का संबंध अधिकतर मोटरगाड़ियों द्वारा (रखना)। (३) मास्को की मैट्रो में हवा किस तरह (पहुँचाना)? (४) भारत में बिजली का भारी सामान बनानेवाले कारख़ाने का निर्माण सोवियत संघ की सहायता से (करना)। (५) ताजमहल बनाने के लिए करोड़ों रुपये ख़र्च (करना)। (६) आज-कल हमारे देश के कोने कोने में भिन्न-भिन्न खनिज पदार्थों की तलाश (करना)। (७) यह कल (देखना)। (८) तार एक घंटे में (पहुँचाना)। (९) उन्हें बड़े अच्छे विद्यार्थी (समझना)।(१०) हर साल

भारत से लाखों रुपये का कपड़ा विदेशों में (भेजना)। (११) इस सवाल का ठीक जवाब (देना)। (१२) आज हमारे लिये बढ़िया भोजन (बनाना)।

4. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Московский метрополитен был построен в 1935 году. Сейчас уже построено десять радиусов метро. (2) Этот учебник можно купить в любом магазине. (3) Этот рассказ был написан Прем Чандом (प्रेमचंद) в 1930 году. (4) Этот вопрос будет поднят на следующем собрании. (5) Письмо только что написано. (6) Она показала мне книгу, которая была переведена на русский язык ее братом. (7) Я был приглашен в театр. (8) Нам показали новый фильм. (9) Моему товарищу дали журнал на языке хинди. (10) Когда Гопеш (गोपेश) позвонил по телефону, работа была только что закончена. (11) Вечерние газеты только что принесли. (12) Он сможет прочесть эту книгу, если она будет переведена на русский язык. (13) Я полагал, что все эти товары будут доставлены самолетом. (14) Отец сказал, что эти вопросы пока не будут обсуждаться. (15) Газеты и письма доставляются рано утром. (16) В этом магазине продаются русские и иностранные книги. (17) Воду в графине меняют каждый день. (18) Мне еще ничего не говорили об этом. (19) Маме сказали об этом вчера вечером. (20) Эта станция метро была построена в прошлом году.

5. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) दरवाज़ा खोलो ताकि हवा कमरे में आ सके। (२) जल्दी करो कि वक़्त पर पहुँच जायें। (३) ऊँची आवाज़ में बोलो कि तुम्हारी बात सुनी जाए। (४) देखो कि तुम कहीं न गिर जाओ। (५) हम सिनेमा गये कि नयी फ़िल्म देखें। (६) वह मेरे यहाँ आया है कि मेरी मदद करे। (७) मैं अभी उसको फ़ोन करूँगा कि वह मेरी प्रतीक्षा न करे। (८) उसने मुझे पाठ्यपुस्तक दे दी है कि मैं पाठों की तैयारी कर सकूँ। (९) हम दिल्ली जाएँगे ताकि हिन्दी का अध्ययन करें। (१०) मेरी बहन दुकान जानेवाली है कि कुछ फल खरीदे।

6. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Мы быстро позавтракали, чтобы вовремя успеть на поезд. (2) Я хочу пойти в кино, чтобы посмотреть этот фильм. (3) Чтобы не опоздать в институт, Сита всегда встает рано утром. (4) Потребовалось бы несколько дней, чтобы осмотреть все дворцы этого древнего города. (5) Мы пришли на станцию за час до отправления поезда, чтобы купить билет и пообедать перед дорогой. (6) Мать дала сыну деньги для того, чтобы он купил себе учебники. (7) Говорите громче, чтобы все слышали. (8) Мать надела (पहनना *п.*) пальто, чтобы не простудиться. (9) Чтобы проветрить комнату, они открыли окно. (10) Наш преподаватель пошел с нами в музей, чтобы познакомить нас с образцами древнего индийского искусства.

7. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) गाड़ीवाले ने हमको देखा और गाड़ी में बैठने के लिये बुलाने लगा। (२) उसने पच्चीस रुपयेवाली अँग्रेज़ी क़लम ख़रीदी है। (३) दूधवाली दूध ले आयी है। (४) लाल क़िले के संगमरमरवाले महल बहुत सुंदर हैं। (५) वह पत्थरवाले मकान में रहते हैं। (६) इस बाज़ार में सदा गाँववालों की भीड़ रहती है। (७) लखनऊवाला क्या पूछता है?—वह अपने दिल्लीवाले रिश्तेदारों का पता मालूम करना चाहता है। (८) ऊपरवाला कमरा बहुत रोशन है। (९) गाँववाले शहरवालों की तुलना में अधिक मज़बूत होते हैं। (१०) यहाँ के फलवाले सभी तरह के फल बेचते हैं। (११) भारत के समुद्र के पासवाले स्थानों में न अधिक गर्मी होती है, न अधिक सर्दी। (१२) यह पीली कमीज़ वाला आदमी कौन है? (१३) भारत में मैं ने "काबुलीवाला" नामक एक अच्छी फ़िल्म देखी। (१४) इस नुक्कड़ पर सदा कोई फूलवाली खड़ी होती है। (१५) हमारा क्लास का कमरा दो खिड़कियोंवाला है। (१६) एक काली आँखों वाली लड़की कमरे में आयी है। (१७) यह कलकत्तावाली रेलगाड़ी है।

8. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Москвичи гордятся своим лучшим в мире метро. (2) Сошедший с поезда человек подозвал носильщика. (3) Мы получили трехкомнатную квартиру в новом семиэтажном доме. (4) Электрик живет в доме рядом. (5) Молочница приходит рано утром. (6) Владелец этого автомобиля — мой друг. (7) У этого книготорговца Вы всегда можете купить все нужные Вам книги. (8) Летом жители Киева ездят в жаркие дни купаться на Днепр. (9) Рам живет в каменном трехэтажном доме напротив кинотеатра. (10) «Известия» — вечерняя газета. Она выходит около пяти часов вечера. (11) Стоимость спального места всегда выше, чем сидячего.

पाठ

मास्को का चिड़ियाघर

मास्को का चिड़ियाघर काफ़ी पुराना है। उसकी स्थापना सन् १८६४ में हुई थी। लेकिन वह दुनिया का सब से पुराना चिड़ियाघर नहीं है। उसकी स्थापना से बहुत अरसे पहले ही कई चिड़ियाघर स्थापित हो गये थे। दुनिया के इतिहास में सब से पुराना चिड़ियाघर पाँच हज़ार तीन सौ साल हुए नील नदी के सुंदर किनारे पर राजा टुट्मोस तीसरे के द्वारा स्थापित किया गया था। जब मेक्सिको में स्पेनी लोग १५२० में आये तो वहाँ भी उन्हों ने बहुत अच्छा और बड़ा चिड़ियाघर देखा जिस में बहुत से अहाते, पिंजरे और तालाब थे। रूस के सब से पहले चिड़ियाघर की स्थापना १०६१ में नोवगोरोद में की गयी थी, इस तरह आदिकाल से ही जानवरों और चिड़ियों की ज़िंदगी में आदमी की बड़ी दिलचस्पी रही है। इसलिए आजकल विदेशों में और हमारे देश में भी बहुत से चिड़ियाघर क़ायम किये गये हैं।

मास्को का चिड़ियाघर जो रूसी संघ का सब से बड़ा चिड़ियाघर है बहुत दूर तक फैला है और एक बड़ा बाग़ जैसा मालूम होता है। आज दुनिया के सब महाद्वीपों के

जानवर, चिड़ियाँ और मछलियाँ मास्को के चिड़ियाघर के अहातों, पिंजरों और तालाबों में मौजूद हैं। अहातों में बैल, ज़ेबरे, कई तरह के हिरन, जंगली भैंस, ऊँट, जिराफ़े, गेंडे, हाथी आदि बेरोकटोक टहलते हैं। पिंजरों में सिंह, शेर, चीते, भालू, भेड़िये, गीदड़ और दूसरे हिंसक पशु बंद रहते हैं। इन के अलावा पिंजरों में तरह-तरह की चिड़ियाँ –लंबी दुमवाले तोते, बाज़ आदि और हर तरह के बंदर भी बंद रहते हैं। तालाबों में भाँति-भाँति के जलपक्षी और जलजन्तु हैं। वहाँ विभिन्न बत्तकें, राजहंस और पानी में तैरनेवाले दूसरे पक्षी देखे जा सकते हैं। दरियाई घोड़े, सफ़ेद रीछों, मगरों और वॉलरस के लिए सिमेंट के ख़ास तालाब भी बनाये गये हैं क्योंकि ये जानवर बिना पानी के नहीं रह सकते। हाथियों के लिए एक अलग तालाब भी बनाया गया है ताकि वे पानी में नहा सकें। वे पानी में नहाना बहुत पसंद करते हैं। मछलियाँ शीशे के मछलीघरों में रहती हैं कि सब लोग उन्हें देख सकें।

मास्को के चिड़ियाघर के नये भाग में बहुत से जानवर पिंजरे में बंद नहीं किये गये हैं। उनको खुली जगहों में देखा जा सकता है। नये भाग के बाग़ में ही एक कोने में कृत्रिम पहाड़ बने हैं और लम्बे लम्बे जंगली पेड़ लगे हैं। देखने में सोलह आने जंगली दृश्य मालूम होता है। जंगली जंतुओं के लिए हर तरह से उचित प्राकृतिक हालत तैयार करने की कोशिश की गई है। इस तरह शेर, कुछ रीछ और दूसरे जानवर रह रहे हैं। दर्शकों और इन जानवरों के बीच सिर्फ़ पानी से भरी एक गहरी खाई है जिस को पार नहीं किया जा सकता। नये भाग में विभिन्न ज़हरीले साँप, अजगर और छिपकलियाँ रहते हैं। इन सभी के लिए शीशे के विशेष पिंजरे बनाये गये हैं।

रूसी संघ के मध्य भाग की आबोहवा गरमियों में सख़्त गरम और सरदियों में सख़्त सर्द होती है। चिड़ियाघर

के लगभग सब जानवर सरदी और गरमी दोनों मौसमों में बड़े मज़े से रहते हैं। राजहंस और बत्तकें सारे साल खुली हवा में रहती हैं। ज़ेबरों और ऊँटों को भी सरदी से ज़रा सा डर नहीं लगता। भारत जैसे गरम देश के बहुत से जानवरों का भी यह हाल है। उदाहरण के लिये हाथी को लीजिये। वह गरम आबोहवा का आदी है, लेकिन सारे साल खुली हवा में रहता है। बहुत से जानवर हमारी आबोहवा के इतने आदी हो चुके हैं कि उन्हों ने बच्चे देने भी शुरू कर दिये हैं। कई दरियाई घोड़े, बंदर, शेरनी, हथिनी अब भी बच्चों वाली हैं। सिर्फ़ गेंडे और जिराफ़े ही जो अफ़्रीका से लाये गये थे अब तक अपने आपको इस आबोहवा के आदी नहीं बना सके हैं।

यह यक़ीनी बात है कि सारे के सारे जानवर गर्म आबोहवा के आदी नहीं हैं। सफ़ेद रीछ जो उत्तरी महासागर के बर्फ़ के इलाक़ों में पैदा हुए थे गरमियों के मौसम में अपने तालाब से बिलकुल बाहर नहीं निकलते। यह हाल वॉलरस का भी होता है।

चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों की देखभाल ख़ास लोग करते हैं। जानवरों के ये माहिर जानवरों की ज़िंदगी की वैज्ञानिक जाँच करते हैं। वैज्ञानिक जानवरों की आदतों का अध्ययन करते हैं। वे हिंसक और घास खानेवाले पशुओं के बच्चों को एक ही अहाते में रहने देते हैं और ये सब जानवर एक दूसरे के दोस्त बन जाते हैं और इस क़िस्म की घटनाएँ मौजूद हैं कि ज़िन्दगी के अंत तक वे एक दूसरे के साथ रहते हैं।

जानवरों की ज़िंदगी का अध्ययन करनेवाले विद्यार्थी जानवरों की देखभाल करने के लिये दलों के रूप में यहाँ भी अक्सर आते हैं। चिड़ियाघर में स्कूली बच्चों के लिये वैज्ञानिक मंडली है। वहाँ बच्चों को जानवरों की ज़िंदगी का अध्ययन करना सिखाया जाता है।

मास्को चिड़ियाघर से जानवर दूसरे नगरों के चिड़ियाघरों के लिये भी ले जाये जाते हैं।

रविवार के दिन चिड़ियाघर में सब से बड़ी भीड़ होती है। सप्ताह के अन्त में छुट्टी के दिन हज़ारों की संख्या में मास्कोवासी अपने बच्चों के साथ चिड़ियाघर की सैर करने आते हैं। चिड़ियाघर आनेवालों में अधिकांश बच्चे होते हैं। वे देर तक पिंजरों के सामने खड़े रहते हैं। कुछ बच्चे जानवरों के फ़ोटो लेते हैं और कुछ उनके चित्र बनाने की कोशिश करते हैं। मास्को के निवासियों में यह चिड़ियाघर बहुत लोकप्रिय है।

नये शब्द

चिड़ियाघर **чиṙийāгʰар** *м.* зоопарк, зоосад

स्थापना **стʰāпнā** *ж.* учреждение, организация, основание

सन् **сан** *м.* 1) год; 2) эра

अरसा **арсā** *м.* промежуток, период, время

स्थापित **стʰāпит** учрежденный, организованный, основанный; ~ होना (हो जाना) *нп.* быть учрежденным, организованным, основанным; ~ करना *п.* учреждать, организовывать, основывать

स्पेनी **спэнӣ** **1.** испанский; **2.** *м.* испанец

अहाता **аhāтā** *м.* 1) ограда; 2) двор; *зд.* вольер

पिंजरा **пинджрā** *м.* клетка

तालाब **тāлāб** *м.* пруд, водоем, бассейн

आदिकाल **āдикāл** *м.* ранний, древний период (*напр., истории*)

ज़िंदगी **зиндагӣ** *ж.* жизнь

महाद्वीप **маhāдвӣп** *м.* континент, материк, часть света

मौजूद **мауджӯд** 1) присутствующий; 2) существующий; ~ होना *нп.* а) присутствовать; б) быть, существовать

बैल **байл** *м.* бык, вол

ज़ेबरा **зэбрā** *м.* зебра

हिरन **hиран** *м.* олень; антилопа

भैंस **бʰа̃йс** *ж.* буйволица

ऊँट **ӯ̃т̇** *м.* верблюд

जिराफ़ा **джирāфā** *м.* жираф

गेंडा **гэ̃ḋā** *м.* носорог

हाथी **hāтʰӣ** *м.* слон

बेरोकटोक **бэрокт̇ок** **1.** неограниченный; **2.** 1) беспрепятственно, без помех; свободно; 2) неудержимо

टहलना **т̇аhалнā** *нп.* бродить, гулять, прогуливаться

सिंह **синh** *м.* лев

शेर **шэр** *м.* тигр; лев

चीता **чӣтā** *м.* пантера, леопард; гепард

भालू **бʰāлӯ** *м.* медведь

भेड़िया **бʰэрийā** *м.* волк

गीदड़ **гӣдаṙ** *м.* шакал

हिंसक **ħинсак** хищный

पशु **пашу** *м.* животное, скотина

दुम **дум** *ж.* хвост

तोता **тотā** *м.* попугай

बाज़ **бāз** *м.* сокол, ястреб

बंदर **бандар** *м.* обезьяна

भाँति **бʰāти** **1.** *ж.* способ, образ, метод; **2.** की ~ *послелог* подобно, как

जलपक्षी **джалпакшӣ** *м.* водоплавающая птица

जलजन्तु **джалджанту** *м.* водяное животное

बत्तक **баттак** *ж.* утка

राजहंस **рāджħанс** *м.* лебедь

पक्षी **пакшӣ** *м.* птица

दरियाई **дарийāӣ** 1) речной; 2) морской

रीछ **рӣчʰ** *м.* медведь

मगर **магар** *м.* крокодил

वॉलरस **вāлрас** *м.* морж

सिमेंट **симэнṫ** *м.* цемент

बिना **бинā** (*тж.* के ~) *послелог* без, кроме

ताकि **тāки** чтобы; для того, чтобы

मछलीघर **мачʰлӣгʰар** *м.* аквариум

कृत्रिम **критрим** искусственный

आना **āнā** *м.* ана (*1/16 часть рупии*)

दृश्य **дришйа** *м.* 1) вид; 2) зрелище, сцена

जंतु **джанту** *м.* животное

हालत **ħāлат** *ж.* положение, состояние, обстоятельства, условия

दर्शक **даршак** *м.* зритель, экскурсант

भरा **бʰарā** наполненный, полный

गहरा **гаħрā** 1) глубокий; 2) крупный, серьезный (*об ошибке*); 3) крепкий (*напр., о чае*)

खाई **кʰāӣ** *ж.* ров

ज़हरीला **заħрӣлā** ядовитый

साँप **сāп** *м.* змея

अजगर **аджгар** *м.* 1) удав, питон; 2) дракон

छिपकली **чʰипкалӣ** *ж.* ящерица

सर्द **сард** холодный, прохладный

ज़रा **зарā** **1.** малый, незначительный; **2.** мало, немного; **3.** пожалуйста

डर **ḋар** *м.* страх, боязнь, опасение

शेरनी **шэрнӣ** *ж.* тигрица; львица

हथिनी **ħатʰинӣ** *ж.* слониха

यक़ीनी **йакӣнӣ** верный, заслуживающий доверия, достоверный

महासागर **маħāсāгар** *м.* океан

पैदा **пайдā** 1) рожденный, порожденный; 2) добытый, произведенный; ~ होना *нп.* а) рождаться, появляться; б) добываться, производиться; ~ करना *п.* а) порождать; б) производить, добывать

माहिर **мāħир** *м.* знаток, специалист

वैज्ञानिक **вайгьāник** **1.** научный; **2.** *м.* ученый

घास **гʰāс** *ж.* трава, сено

घटना **гʰаṫнā** *ж.* событие, происшествие, случай

अंत **ант** *м.* 1) конец; 2) завершение, окончание

अक्सर **аксар** часто

स्कूली **скӯлӣ** 1) школьный; 2) учащийся (*в школе*)

मंडली **манḋалӣ** *ж.* 1) круг (*лиц*), кружок, группа; 2) общество

सिखाना **сикʰāнā** *п.* учить, обучать, преподавать

मास्कोवासी **мāсковāсӣ** *м.* москвич

अधिकांश **адʰикāнш** *м.* большая часть, большинство

लोकप्रिय **локприйа** популярный

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. स्थापना होना 'быть основанным, созданным' (की *о чем-л.*); स्थापना करना 'основывать', 'создавать' (की *что-л.*).

2. Сложные послелоги के (से) पहले 'раньше', 'прежде', 'до' и के बाद 'после' при употреблении их со словосочетанием, обозначающим отрезок времени, выступают без первого элемента — послелога के (से), например: कई दिन पहले 'несколько дней тому назад', कुछ दिन बाद 'через несколько дней'.

Если при этих послелогах имеется словосочетание, обозначающее отрезок времени, и управляемое слово, то указанное словосочетание ставится между частями сложного послелога, например: जाने से कई दिन पहले 'за несколько дней до отъезда'; जाने के कुछ दिन बाद 'через несколько дней после отъезда'.

3. तीन (पाँच, दस) साल हुए 'три (пять, десять) лет тому назад'.

4. दिलचस्पी होना (रहना) 'интересоваться' (में *чем-л.*, की *о ком-л.*).

5. भाँति-भाँति का 'различный', 'разнообразный'.

6. Потенциальный глагол सकना 'мочь' и комплетивный глагол चुकना 'кончаться', 'оканчиваться' сочетаются и с глаголами в страдательном залоге. В этом случае глаголы सकना и चुकना присоединяются к страдательной основе смыслового глагола, например: तार समय पर भेजा जा सकता है 'Телеграмма может быть послана вовремя'; यह किताब पढ़ी जा चुकी है 'Эта книга уже прочитана'.

7. दरियाई घोड़ा 'бегемот'.

8. В языке хинди сложные послелоги के बिना 'без', के बग़ैर 'без' и некоторые другие иногда употребляются в конструкции, при которой вторая, значимая часть послелога предшествует управляемому слову или словосочетанию, а первая часть остается на своем месте и сохраняет свою форму независимо от

рода и числа следующего за ним имени, например: बिना (बग़ैर) उन के यह लड़की नहीं खेलती 'Без них эта девочка не играет'.

9. ... पेड़ लगे हैं '... посажены (растут) деревья'.

10. सोलह आने 'полностью', 'целиком', 'на сто процентов'.

11. डर लगना 'бояться', 'страшиться' (से *чего-л.*, को *о ком-л*).

12. बच्चा देना 'давать приплод', 'рожать'.

के बाद बीमार होने का ख़तरा नहीं के बराबर हो जाता है। लेकिन कुछ ऐसी बीमारियाँ हैं जिन को रोकने के लिये अब तक टीके नहीं लगाये जाते। उन में पहला स्थान इन्फ़्लुएंज़ा का है। डाक्टरों से पूछिये। वे जवाव देंगे कि यह रोग सब से ज़्यादा पाया जाता है। मुहल्ला-अस्पताल में आनेवाले पाँच मरीज़ों में से कम से कम दो फ़्लू की शिकायत करते हैं।

* * *

एक दिन माता जी बीमार पड़ गयीं। उनको तेज़ बुख़ार हो गया और उनकी तबीअत बहुत ख़राब हो गयी। उस समय उनके सिर में सख़्त दर्द हो रहा था और वह बुरी तरह खाँस रही थीं। हम ने माँ जी का टेम्पेरेचर लिया और उनसे पलंग पर लेटे रहने को कहा। फिर हमने अपने मुहल्ले के डाक्टर को टेलीफ़ोन करके बुलाया। हमारा पता लिखकर अस्पताल की नर्स ने बताया कि डाक्टर दो बजे के बाद आयेगा। डाक्टर दो बजे से पहले ही आया। अपना ओवरकोट उतारकर उसने सफ़ेद चोग़ा पहन लिया जो उसके बेग में पड़ा था। फिर नहाने के कमरे में जाकर अपने हाथ धोये। इस के बाद वह माँ जी के कमरे में आया। उनसे नमस्ते कहकर उसने कहा कि माँ जी कमर तक सब कपड़े उतार लें। ऐसा करने पर डाक्टर ने माता जी को आला लगाकर ध्यान से देखा और नब्ज़ टटोली। फिर उसने माता जी से ज़बान दिखाने को कहा। हाल पूछने पर माता जी ने डाक्टर को बताया कि उनको सख़्त नज़ला है, सीना जकड़ा है, साँस भी लेना मुश्किल है और गला बैठ गया है। इसके साथ-साथ सिर घूम रहा है और सारा बदन टूट रहा है। कुछ सोचकर डाक्टर ने रोग का निदान किया — फ़्लू और कहा कि माता जी का पलंग पर लेटना ज़रूरी है। फ़्लू बहुत सख़्त बीमारी नहीं है लेकिन उसके नतीजे

बहुत बुरे होते हैं। मेज़ के पास बैठकर डाक्टर ने ज़रूरी दवाओं का नुस्ख़ा लिखा। ये सब गोलियाँ थीं जो किसी भी दवाख़ाने में आसानी से मिल सकती हैं। डाक्टर ने समझाया कि रोज़ाना कितनी बार क्या क्या गोलियाँ खाना आवश्यक है। इसके साथ-साथ डाक्टर ने गर्म पानी की बोतल और सरसों के प्लास्टर की तजवीज़ की।

हम लोगों ने डाक्टर की हिदायतों का पालन किया और कुछ दिनों बाद माता जी तंदुरुस्त हो गयीं। उन्हों ने फ़ोन करके मालूम किया कि हमारे ज़िले का डाक्टर कब मरीज़ों को देखता है। उस दिन माता जी डाक्टर के पास गयीं। डाक्टर ने माता जी की परीक्षा करके कहा कि अब माँ की तबीअत कहीं बेहतर है। फिर भी उसने चेतावनी दी कि माता जी खाने-पीने में सावधानी बरतें। जाने से पहले माता जी ने डाक्टर को बताया कि उनकी आँखों में तकलीफ़ है। डाक्टर ने आँखों के डाक्टर के पास जाने की सलाह दी। शुक्रिया अदा करके माता जी चल दीं। आँखों के डाक्टर के पास जाकर माता जी ने आँखों का हाल सुनाया। डाक्टर ने पूछा कि माता जी की ऐनक कैसी है – क़रीब की नज़रवाली या दूर की नज़रवाली? माता जी ने जवाब दिया कि मेरी क़रीब की नज़र कमज़ोर है। डाक्टर ने माता जी की आँखों को देखकर कहा कि वह उन्हें नयी ऐनक का नुस्ख़ा लिखकर देगा और तब कोई शिकायत न रहेगी।

अब माँ जी बिलकुल अच्छी हैं, आँखों का हाल भी अच्छा है। कल वह पहली बार काम पर गयीं। माता जी का सारा इलाज मुफ़्त हो रहा था। पिछले साल पिता जी ने हमारे मुहल्ला-अस्पताल में दाँतों का इलाज कराया। वहाँ पर दाँतों में भराई करने और नक़ली दाँत बिठाने के अच्छे विशेषज्ञ हैं। एक अनुभवी डाक्टर ने पिता जी का एक दाँत निकाला और दूसरे में भराई की। उन्हों ने इस दाँत पर कैप चढ़ाने की सलाह दी।

रुसी संघ की सरकार हर किसी की सेहत का बड़ा ध्यान रखती है क्योंकि तंदुरुस्ती ज़िंदगी में सब से क़ीमती चीज़ है और जीवन में सभी सफलताओं का आधार है।

नये शब्द

सार्वजनिक **сāрваджаник** 1) общественный, всеобщий; 2) массовый

सुरक्षा **суракшā** *ж.* защита, охрана, безопасность

विकास **викāс** *м.* 1) расширение; 2) развитие, рост

ध्यान **д^hйāн** *м.* внимание

हैज़ा **hайзā** *м.* холера

प्लेग **плэг** *м.* чума

मलेरिया **малэрийā** *м.* малярия

तपेदिक़ **тапэдиқ** *м.* туберкулез

ख़तरनाक **хатарнāк** опасный, рискованный

रोग **рог** *м.* болезнь

क़ाबू **қāбӯ** *м.* власть, обладание

कैंसर **кэнсар** *м. мед.* рак

चिकित्सा **чикитсā** *ж.* лечение, курс лечения, медицинская помощь

-शास्त्र **-шāстра** *м.* наука (*выступает как второй элемент сложного слова, например*: चिकित्सा-शास्त्र *м.* медицина)

तरक़्क़ी **тараққӣ** *ж.* 1) прогресс, развитие; 2) успех

सफलतापूर्ण **сап^hалтāпӯрна** успешный, удачный

आसानी **āсāнӣ** *ж.* легкость, простота

छूत **ч^hӯт** *ж.* загрязнение, заражение

मुफ़्त **муфт** 1. бесплатный; 2. (*тж.* ~में) 1) бесплатно, даром; 2) напрасно, бесполезно

मुक्ति **мукти** *ж.* освобождение, избавление

डाक्टरी **ḍāкṭарӣ** 1. врачебный, медицинский; 2. *ж.* врачебная практика, профессия врача

ज़िला **зилā** *м.* 1) район, округ; 2) область

सर्जन **сарджан** *м.* хирург

गंभीर **гамб^hӣр** 1) глубокий; 2) важный, серьезный

हलका **hалкā** 1) легкий; 2) светлый (*о цвете*); 3) слабый, легкий

रोगी **рогӣ** 1. больной; 2. *м.* больной, пациент

बुख़ार **бухāр** *м.* жар, лихорадка

निदान **нидāн** *м.* диагноз

सलाह **салāh** *ж.* совет

बचाव **бачāо** *м.* 1) спасение, избавление; 2) защита; 3) сбережение, экономия; 4) *зд.* предотвращение, предупреждение

ज़ोर **зор** *м.* 1) сила; 2) ударение

रोकना **рокнā** *п.* 1) останавливать, прекращать; 2) задерживать, удерживать (को *кого-л.*, से *от чего-л.*)

टीका **ṭӣкā** *м. мед.* прививка, сыворотка

पैमाना **паймāнā** *м.* мера, масштаб, размер

ख़तरा **хатрā** *м.* опасность

इन्फ़्लुएंज़ा **инфлуэнзā** *м. неизм.* грипп

फ़्लू флӯ *м.* грипп

शिकायत шикāйат *ж.* жалоба

तबीअत табӣат *ж.* самочувствие, здоровье

दर्द дард *м.* боль

खाँसना кʰа̃снā *нп.* кашлять

टेंपेरेचर ṫэмпэрэчар *м.* температура

नर्स нарс *ж.* няня, сиделка, сестра

चोग़ा чоға̄ *м.* плащ, халат, накидка

पहनना паhаннā *п.* надевать (*на себя*), одевать, носить

बेग бэг *м.* сумка

कमर камар *ж.* 1) поясница, талия; 2) пояс

आला āлā *м.* орудие, инстумент; *эд. мед.* трубка, стетоскоп

नब्ज़ набз *ж.* пульс

टटोलना ṫаṫолнā *п.* щупать, ощупывать

नज़ला назлā *м.* простуда, насморк

सीना сӣнā *м.* грудь

जकड़ना джакаṙнā *нп.* 1) цепенеть; 2) быть скованным, стянутым, связанным

गला галā *м.* горло, шея

बदन бадан *м.* тело

टूटना ṫӯṫнā *нп.* 1) ломаться, раскалываться; разбиваться; 2) обрываться

लेटना лэṫнā *нп.* лежать, ложиться

नुस्ख़ा нусхā *м.* рецепт (*лекарства*)

गोली голӣ *ж.* 1) шарик; 2) таблетка, пилюля; 3) пуля

दवाख़ाना давāхāнā *м.* аптека

बोतल ботал *ж.* бутылка

सरसों сарсо̃ *ж.* горчица

प्लास्टर плāсṫар *м.* пластырь

तजवीज़ таджвӣз *ж.* 1) мнение, суждение; 2) предложение

हिदायत hидāйат *ж.* наставление, инструкция, директива

पालन пāлан *м.* 1) выращивание, воспитание; 2) разведение (*животных*); 3) соблюдение, выполнение (*напр. приказа, обещания*)

तंदुरुस्त тандуруст здоровый; ~ हो जाना *нп.* выздоравливать

कब каб когда?, в какое время?

परीक्षा парӣкшā *ж.* 1) обследование, освидетельствование, осмотр; 2) экзамен, испытание

बेहतर бэhтар 1. лучший; ~ हो जाना *нп.* улучшаться; ~ बनाना (करना) *п.* улучшать; **2.** лучше

चेतावनी чэтāонӣ *ж.* предупреждение, предостережение

सावधानी сāвадʰāнӣ *ж.* осторожность, осмотрительность

बरतना баратнā 1. *нп.* 1) обращаться (के साथ *с кем-л.*); 2) вести себя (*по отношению к кому-л.*); **2.** *п.* употреблять, применять

तकलीफ़ таклӣф *ж.* трудность, затруднение

अदा адā *ж.* исполнение, выполнение, уплата, выплата; ~ करना *п.* исполнять, выполнять, уплачивать, выплачивать

ऐनक айнак *ж.* очки

भराई бʰарāӣ *ж.* наполнение

नक़ली наклӣ искусственный

विशेषज्ञ вишэшгья *м.* специалист, эксперт, знаток

कैंप кайп *м.* коронка (*зуба*)

चढ़ाना чаṙʰāнā *п.* 1) поднимать; 2) надевать (*напр., очки, носки, чехол*); 3) сажать (*в поезд*)

सेहत сэhат *ж.* здоровье

तंदुरुस्ती тандурустӣ *ж.* здоровье

क़ीमती кӣматӣ дорогой, [драго]ценный

सफलता сапʰалтā *ж.* успех, удача

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. स्वास्थ्य-सुरक्षा 'здравоохранение'.

2. विकास करना 'развивать' (का *что-л.*).

3. ध्यान देना 'обращать внимание' (की ओर, पर *на кого-л., на что-л.*); 'уделять внимание' (की ओर, पर *кому-л., чему-л.*).

4. इस कारण 'поэтому'.

5. पूरी तरह 'полностью', 'целиком'.

6. क़ाबू पाना 'получать власть' (पर *над кем-л., чем-л.*); 'овладевать' (पर *чем-л.*), 'справляться' (पर *с кем-л., с чем-л.*); 'преодолевать' (पर *что-л.*).

7. तरक़्क़ी करना а) 'прогрессировать', 'развиваться'; 'делать успехи', 'преуспевать' (में *в чем-л.*); б) 'развивать' (की *что-л.*).

8. आसानी से 'легко', 'просто', 'свободно'.

9. ख़ास करके а) 'особенно'; б) 'специально'; в) 'в частности'.

10. छूत की बीमारी (छूत का रोग) 'заразная болезнь', 'инфекционное заболевание'.

11. मुक्ति पाना освобождаться', 'избавляться' (से *от чего-л.*).

12. मुहल्ला-अस्पताल 'районная больница , поликлиника'.

13. निदान करना 'ставить диагноз' (का *чего-л.*).

14. ज़ोर देना 'подчеркивать' (पर, की ओर *что-л.*), 'делать упор' (पर, की ओर *на что-л.*), 'делать ударение' (पर, की ओर *на чем-л.*); ज़ोरों से (के साथ) 'сильно; усиленно, энергично'.

15. टीका लगाना 'делать прививку' (का *от чего-л.*, को *кому-л.*).

16. बड़े पैमाने पर 'в большом количестве', 'в больших масштабах', 'широко'.

17. नहीं के बराबर हो जाना 'сойти на нет', 'сделаться незначительным'.

18. कम से कम 'по меньшей мере', 'по крайней мере'.

19. शिकायत करना 'жаловаться' (की *на кого-л., на что-л.*, से *кому-л.*).

20. В хинди имеются так называемые «дативные» предложения, в которых субъект в роли участника процесса выступает послелогом को, а подлежащее, в функции которого выступают абстрактные существительные, согласуется со сказуемым, представленным формами глаголов ह (होना), например: गोपाल को सख्त बुखार है 'У Гопала высокая температура', मुझे नजला था 'У меня был насморк', विद्यार्थियों को एक शिकायत है 'У студентов имеется жалоба', हमको दो सवाल थे 'У нас было два вопроса'.

21. Форма русского глагола «болеть» — «болит» переводится на язык хинди двояко: либо словосочетанием दर्द होना 'быть боли' с послелогом में 'в', указывающим на место, которое болит, либо словосочетанием दर्द करना 'делать боль', например: "(У меня) болит голова", मेरे सिर में दर्द है (दर्द हो रहा है), मेरा सिर दर्द कर रहा है।

22. टेम्परेचर लेना 'измерять температуру' (का *у кого-л.*).

23. ध्यान से 'внимательно'.

24. आला लगाकर देखना 'выслушивать' (*при помощи трубки, стетоскопа*).

25. सीना जकड़ा है 'грудь заложена'.

26. गला बैठना 'болеть (*о горле*), воспаляться' (*о миндалевидной железе*; का *у кого-л.*).

27. नुस्खा लिखना 'выписывать рецепт' (का *чего-л.*).

28. गर्म पानी की बोतल 'грелка'.

29. सरसों का प्लास्टर 'горчичник'.

30. तजवीज़ करना 'предлагать', 'рекомендовать' (की *что-л.*, से *кому-л.*).

31. पालन करना 'соблюдать', 'выполнять' (का *что-л.*).

32. परीक्षा करना 'осматривать', 'обследовать' (की *кого-л.*, *что-л.*).

33. चेतावनी देना 'делать предупреждение', 'предупреждать' (को *кого-л.*, की *о чем-л.*).

34. सावधानी बरतना 'соблюдать осторожность' (में *в чем-л.*).

35. आँखों में तकलीफ़ है 'болят, беспокоят глаза'.

36. सलाह देना 'советовать' (को *кому-л.*, की *что-л.*).

37. शुक्रिया अदा करना 'благодарить' (को *кого-л.*).

38. क़रीब की नज़र वाली ऐनक 'очки для близоруких', दूर की नज़रवाली ऐनक 'очки для дальнозорких'.

39. मेरी क़रीब की नज़र कमज़ोर है 'у меня дальнозоркость'.

40. दाँत में भराई 'пломбирование' (की *чем-л.*); 'пломба' (की *из чего-л.*); दाँतों में भराई करना 'пломбировать зубы'.

41. नक़ली दाँत बिठाना 'вставлять зуб'.

42. दाँत निकालना 'удалять зуб'.

43. दाँत पर कैप चढ़ाना 'ставить коронку' (*пациенту*).

44. ध्यान रखना 'заботиться' (का *о ком-л.*, *о чем-л.*), 'уделять внимание' (का *кому-л.*, *чему-л.*).

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।
2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) रूसी सरकार स्वास्थ्य-सुरक्षा के विकास पर बहुत बड़ा ध्यान क्यों दे रही है?

२) रूसी संघ में कौनसे रोगों पर क़ाबू पा लिया गया है?

३) छूत की बीमारियाँ क्यों ख़ास करके ख़तरनाक होती हैं?

४) गंभीर रोगों का इलाज किस जगह होता है?

५) क्या रूसी संघ में डाक्टरी सहायता मुफ़्त में की जाती है?

६) क्या दवाइयाँ भी मुफ़्त में दी जाती हैं?

७) तेज़ बुख़ार होने पर लोग क्या करते हैं?

८) आपके मुहल्ला-अस्पताल में कौनसे डाक्टर काम करते हैं?

९) वक़्त पर रोग का निदान करना क्यों ज़रूरी होता है?

१०) तरह-तरह के टीके क्यों लगाये जाते हैं?

११) कौनसा रोग सब से ज़्यादा होता है?

१२) जब आप अनुभव करते हैं कि आपकी तबीअत अच्छी नहीं है, आप क्या करते हैं?

१३) जब आपके सिर में दर्द होता है आप क्या करते हैं?

१४) अस्पताल में रोगियों का टेम्परेचर कौन लेता है?

१५) गर्म पानी की बोतल और सरसों के प्लास्टर किस रोग से मुक्ति पाने में मदद देते हैं?

१६) बूढ़े लोगों के लिए खाने पीने में सावधानी बरतना क्यों ज़रूरी है?

१७) दवाइयाँ कहाँ बिकती हैं?

१८) बीमारी का सर्टिफ़िकेट किस हालत में दिया जाता है?

१९) जब सीना जकड़ा होता है क्या करना ज़रूरी है?

२०) डाक्टर लोग मरीज़ों को क्यों आला लगाकर देखते हैं?

२१) बुरी तरह खाँसने वाले लोगों को क्या मदद दी जा सकती है?

२२) रोग का ठीक निदान करने के लिये क्या करना ज़रूरी होता है?

२३) क्या आप ऐनक चढ़ाते हैं?

२४) आपके परिवार के कौन कौन लोग ऐनक लगाते हैं?

२५) आपने अपने दाँतों का इलाज कब कराया?

२६) डाक्टरों की हिदायतों का पालन करना क्यों ज़रूरी होता है?

२७) भारत में कौनसे रोग सब से ज़्यादा पाये जाते हैं?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) हर एक देश में अस्पतालों का होना आवश्यक है। वहाँ रोगियों की चिकित्सा के लिये अनुभवी डाक्टर होते हैं

जो रोग की परीक्षा करके रोगियों को दवाई का नुस्ख़ा लिख देते हैं। यह दवाई दवाख़ाने में मिल सकती है। भारत में दो प्रकार के अस्पताल हैं। ग़रीब लोगों के लिये जिन के पास इतना पैसा नहीं होता कि वे कुछ ख़र्च करके अपना इलाज करा लें विशेष अस्पताल खुले हैं। इन में ग़रीब लोग दवा के लिये कुछ नहीं देते। अगर उन्हें कोई ख़तरनाक रोग हो और उनकी हालत बुरी हो तो ऐसे अस्पताल में ही उनके रहने का प्रबंध हो जाता है। वे भोजन के लिये भी कुछ नहीं देते। वहाँ काफ़ी अनुभवी नर्सें उनकी सेवा के लिये उपस्थित होती हैं। रोगियों को ठीक समय पर दवा मिलती है। उन्हें आराम देने का विचार भी रखा जाता है। वे वहाँ जल्दी ही तंदुरुस्त हो जाते हैं। अमीर पुरुषों के रहने के लिये ख़ास अस्पताल हैं। वहाँ हर एक व्यक्ति के लिये अलग कमरे बने होते हैं। अमीरों के लिये उन कमरों का किराया देना ज़रूरी होता है। उनके लिये कोई भी चीज़ मुफ़्त नहीं होती।

२) छूत की बीमारियाँ सब से ख़तरनाक हैं क्योंकि इन रोगों का बहुत तेज़ी से विस्तार होता है। भारत में हैज़ा, मलेरिया, तपेदिक़ आदि से हर साल हज़ारों आदमी मर जाते हैं। इन में से कुछ रोग भारत के ख़ास इलाक़ों में अधिक ज़ोरों से फैलते हैं, जैसे (१) मलेरिया मुख्यतः उन इलाक़ों में ज़्यादा होता है, जहाँ वर्षा अधिक होती है, (२) हैज़ा पूर्वी भारत में अक्सर फैलता है तथा तीर्थ-स्थानों[3] में जहाँ भिन्न भिन्न प्रदेशों से लोग भारी संख्या में आते हैं, और (३) तपेदिक़ का रोग कारख़ानों वाले इलाक़ों में बहुत बड़ी तेज़ी के साथ फैल रहा है। परन्तु अगर सार्वजनिक स्वास्थ्य-सुरक्षा की बातों पर विशेष ध्यान दिया जाय तो रोगों का विस्तार कम किया जा सकता है। ये

---

[3] तीर्थस्थान 'место паломничества'.

रोग फैलते तब हैं जबकि उन्हें आगे ही आगे बढ़ने की जगह मिलती है। छूत की बीमारियों के दिनों में टीके जल्दी ही लगाना आवश्यक है। घरों की सफ़ाई पर ख़ास ध्यान देना ज़रूरी है। ऐसी सावधानी बरतने पर इन रोगों को रोका जा सकता है।

३) विदेशी लोग अक्सर यह सवाल करते हैं कि रुसी संघ में सार्वजनिक स्वास्थ्य-सुरक्षा की क्या विशेषता है? जवाब में यह कहा जा सकता है कि हमारे यहाँ बूढे लोगों को डाक्टरी सहायता बिलकुल मुफ़्त मिलती है। इसलिये हमारे देश में पॉलीक्लीनिकों और अस्पतालों का जाल बिछा है जो बराबर बढ़ रहा है। कभी लोग मज़ाक़ में[4] कहते हैं कि डाक्टरों की संख्या कहीं बीमारों की संख्या से ज़्यादा न हो जाय। फिर अगर गंभीर बात की जाय तो डाक्टरी सेवा के ऐसे नये चिकित्साघर[5] स्थापित किये गये हैं जिन के बारे में पुराने ज़माने में लोगों को पता भी न था, उदाहरण के लिये दवाख़ाने, छूत की बीमारियों को रोकने के केंद्र, कारख़ानों और मिलों के पॉलीक्लीनिक, औरतों और बच्चों के लिये डाक्टरी सलाह के केंद्र आदि। इन चिकित्साघरों में अच्छे डाक्टर काम करते हैं। रोगों के इलाज के साथ साथ डाक्टर लोग रोगों से बचाव के महत्त्व की ओर अधिक ज़ोर देते हैं। चिकित्सा-शास्त्र की तरक़्क़ी में रुसी डाक्टर बहुत बड़ा भाग लेते हैं। रुसी संघ में लगभग सभी छूत के रोगों पर पूरी तरह क़ाबू पा लिया गया है!

४) इंफ़्लुएंज़ा उन रोगों में से एक है जो सब से ज़्यादा पाये जाते हैं। फ़्लू को रोकने के लिये अब तक अच्छे टीके नहीं होते। फ़्लू आम तौर पर हल्की सी बीमारी होती है

---

[4] मज़ाक़ में 'в шутку'.

[5] चिकित्साघर 'лечебное учреждение'.

जिस का इलाज घर पर होता है। तेज़ बुख़ार होने पर लोग टेलीफ़ोन करके या किसी दूसरे तरीक़े से डाक्टर को अपने यहाँ बुलाते हैं। रोग का निदान करके डाक्टर नुस्ख़ा लिखकर यह सलाह भी देता है कि रोग का इलाज किस तरह किया जाय। फ़्लू का इलाज आसानी से कराया जा सकता है अगर रोगी डाक्टर की हिदायतों का सख़्त पालन करता है। इस हालत में रोग दो-तीन दिनों में दूर हो जाता है। गोलियाँ और दूसरी दवाएँ खाने के साथ साथ गर्म पानी की बोतलें और सरसों के प्लास्टर भी बड़ी मदद देते हैं।

५) जब मरीज़ ने कमर तक सब कपड़े उतार लिये डाक्टर ने उसे आला लगाकर ध्यान से देखा। रोगी का सीना जकड़ा था, वह मुश्किल से साँस ले रहा था। यह सब मालूम करके डाक्टर ने रोगी से ज़बान दिखाने को कहा। ज़बान का रंग भी अच्छा न था। हाल पूछने पर मरीज़ ने बताया कि उसको सख़्त नज़ला है, सिर और गले में दर्द है और सारा बदन टूट रहा है। डाक्टर ने नर्स से मरीज़ का टेंपेरेचर भी मालूम कराया। वह था अड़तीस डिग्री। डाक्टर ने मरीज़ से घर जाने और पलंग पर लेट जाने को कहा। इस के बाद उसने दवा का नुस्ख़ा लिख दिया। रोग का निदान था–इंफ़्लुएंज़ा। इस लिये उसने मरीज़ को तीन दिन के लिए बीमारी का सर्टिफ़िकेट भी लिखकर दिया।

६) कुछ समय से दादी जी अनुभव करने लगीं कि उनके लिये पढ़ना मुश्किल होता है और वे क़रीब की चीज़ें बुरी तरह देखती हैं। मैं उन्हें आँखों के डाक्टर के पास ले गया। दादी जी को कुर्सी पर बिठाकर उसने उनकी आँखों की परीक्षा की। इस के बाद उसने दादी जी से कुछ पढ़ने को कहा। दादी जी सामने की पड़ी पुस्तक न पढ़ सकीं, किताब दूर करने पर दादी जी पढ़ने लगीं। तब डाक्टर ने कहा कि दादी को नज़दीक की नज़रवाली ऐनक लगाना ज़रूरी है।

दो-तीन भिन्न-भिन्न ऐनकें चढ़वाकर डाक्टर ने अंत में ज़रूरी ऐनक चुन ली[6]। ऐनक का नुस्ख़ा लिखकर डाक्टर ने कहा कि अब शिकायत न रहेगी। लेकिन उसने चेतावनी भी दी कि दादी जी देर तक न पढ़ें।

७) मुझे दो दाँतों पर कैप चढ़ाने की आवश्यकता थी क्योंकि वे बिलकुल ख़राब हो गये थे। शुरू में मैं उनको निकलवाना चाहता था, लेकिन डाक्टर ने सलाह दी कि पहले उनमें भराई करके उनपर कैप चढ़ाये जायँ। सलाह मुझे अच्छी लगी और मैंने ऐसा ही किया। पहले उसने इन दाँतों में भराई करा ली और फिर इनपर कैप चढ़वा लिये। इस तरह मैं नक़ली दाँत बिठाने से बच गया।

८) (१) डाक्टर ने बेग में से सफ़ेद चोग़ा निकाल कर पहन लिया। (२) रास्ते में मुझे सख़्त सर्दी लगी और अभी मैं बुरी तरह खाँस रहा हूँ। (३) कहो भाई, तबीअत कैसी है? – अच्छी तो नहीं, दोस्त। सिर का दर्द किसी तरह नहीं जाता और सीना पहले की तरह जकड़ा है। – क्या तुम ने डाक्टर को बुलाया था? – हाँ, बुलाया ही था। उसने नब्ज़ टटोलकर कहा कि सब ठीक है, मैं मरूँगा नहीं। – दवा का नुस्ख़ा भी लिखा था, क्या? – हाँ, सैकड़ों गोलियाँ खा डालीं, लेकिन वे भी लाभदायक न निकलीं। – कितने दिन से बीमार पड़े हो तुम? – आज के दोपहर से। (४) क्या रास्ते में कोई तकलीफ़ न हुई? जी नहीं, ज़रा भी तकलीफ़ न हुई। हवाई जहाज़ बहुत आरामदेह था, वहाँ तकलीफ़ कैसे हो सकती है। अच्छी तरह से आराम किया।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Какие заразные болезни вы знаете? (2) Болели ли вы малярией? (3) Излечим ли в наши дни рак? (4) В чем состоят успехи мировой медицины? (5) Какова характерная особенность здравоохранения в наше время? (6) Почему медицина делает в наши

[6] चुन लेना 'подобрать'.

дни большой упор на предотвращение заболеваний? (7) Какие болезни считаются самыми опасными? (8) Почему при гриппе рекомендуется лежать в постели? (9) Какие прививки вам делали? (10) Почему каждое правительство уделяет большое внимание здоровью своих людей? (11) У вас очки для дальнозорких? (12) Какое у вас зрение? (13) Почему больным надо строго соблюдать все предписания врача? (14) На что вы жалуетесь? (15) В какой поликлинике вы лечитесь?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

ख़तरनाक रोग; डाक्टरी सहायता; आँखों का डाक्टर; दाँतों का डाक्टर; बच्चों का डाक्टर; डाक्टरी सेवा; अस्पताल में भेजना; कमर तक सब कपड़े उतार लेना; टेलीफ़ोन करके बुलाना; बीमारी के नतीजे; फ़ोन करके मालूम करना; सिर घूमना; रोगों को रोकना; अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना; बीमार पड़ने का ख़तरा; बुरी तरह खाँसना; हाल पूछना; कहिये, क्या हाल है?; बुख़ार उतरना; उसे मलेरिया हो गया है; उचित ध्यान से।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Жаловаться на головную боль; надевать белый халат; прописать очки для дали; принимать лекарство; выслушать пульс; залог успеха; лечить зубы (*в поликлинике*); рассказывать о состоянии здоровья; тяжелая болезнь; серьезное заболевание; легкое заболевание; ставить пломбу.

7. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Осмотрев больного, доктор прописал ему лекарство. (2) Вымыв руки, доктор надел белый халат. (3) Поставив диагноз болезни, доктор сказал, что больного нужно срочно отправить в больницу. (4) Запломбировав зуб, врач посоветовал одеть на него коронку. (5) Раздевшись до пояса, я подошел к врачу, чтобы он выслушал меня. (6) Измерив температуру сыну, мать не разрешила ему идти в школу. (7) Ликвидировав опасность таких заболеваний, как холера, чума и малярия, многие ученые теперь борются с раком. (8) Выслушав больного, врач сказал, что у него грипп. (9) Поблагодарив за помощь, больной вышел из кабинета. (10) Прописав лекарство, врач рассказал, как нужно

его принимать. (11) Приняв лекарство, я почувствовал себя лучше. (12) Он лег в постель и постарался уснуть. (13) Мы позвонили в поликлинику и вызвали врача. (14) Выздоровев, он поехал на юг отдыхать. (15) Предупредив больного о том, что ему нужно соблюдать осторожность в еде, врач прописал ему нужное лекарство. (16) Надев очки, он сел читать газету. (17) Придя домой, отец почувствовал, что у него жар. Измерив температуру, он лег в постель. (18) Я позвонил товарищу и справился о его здоровье.

II. (1) Вчера вечером у меня очень болела голова. (2) Мой дедушка всю ночь сильно кашлял. (3) Моя сестра лежала в постели, когда позвонил телефон. (4) Медицинская сестра измеряла больному температуру, когда в палату вошел врач. (5) Вчера утром я очень плохо себя чувствовал. У меня кружилась голова и ломило все тело. (6) В прошлом месяце во время поездки по нашей стране тяжело заболел один иностранный турист. Его лечили лучшие российские специалисты. (7) Я одевался, когда он вошел в комнату. (8) Глазной врач принимал больных вчера вечером. (9) На прошлой неделе у меня очень болело горло. (10) Что ты делал вчера днем? — Я ждал врача.

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

सार्वजनिक	घटना
ख़तरनाक	चेतावनी
डाक्टरी	नज़ला
गम्भीर	बीमारी
हल्की	सहायता
सख़्त	स्वास्थ्य-सुरक्षा
क़ीमती	सरजन
नक़ली	इलाज
सफलतापूर्ण	चीज़
तंदुरुस्त	ऐनक
अनुभवी	दाँत
क़रीब की नज़रवाली	आदमी

9. रूसी में अनुवाद करके मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) सब लोग **उचित ध्यान से** मेरी कहानी सुन रहे थे। (२) मैं आपकी सलाह **ध्यान में** ज़रूर **रखूँगा**। (३) हमारे डाक्टरों **का ध्यान** रोगों से बचाव के काम **पर केंद्रित है।** (४) हर एक सरकार चिकित्सा-शास्त्र के विकास **पर अधिक ध्यान दे रही है।** (५) वह बच्चे की सेहत **का पूरा ध्यान रखता है।** (६) रूसी संघ में कला और साहित्य **का** बहुत बड़ा **विकास हो रहा है।** (७) हमारे देश में **तेज़ औद्योगिक विकास** हो रहा है। (८) रूसी संघ संसार के सभी देशों के साथ व्यापारिक संबंधों **का विकास करना** चाहता है। (९) इसने खेती के विकास **में** बहुत बड़ी **तरक़्क़ी की।** (१०) रूसी संघ ने भारी उद्योग **की तरक़्क़ी करने** में बड़ी सफलता पायी है। (११) उसने इस बात **पर** ही **ज़ोर दिया है।** (१२) भारत ने **उससे इस बात की शिकायत की** लेकिन उसने शिकायत **पर कोई ध्यान न दिया।** (१३) अनेक देशों की हर एक दुकान में **शिकायतों और सुझावों की पुस्तक** है। (१४) **उसकी तबीअत** पहले से **अच्छी है**। (१५) रूसी संघ में **बड़े पैमाने पर** रिहायशी मकानों का निर्माण हो रहा है। (१६) उसने **मोटर घर के पास रोक दी।** (१७) मैं ने **उसे गिरने से रोक दिया।** (१८) कुछ दिनों में उसका **रोग दूर हो जाएगा**। (१९) हमने अपने अध्यापक **से सलाह ली**। (२०) उन्हों ने **हमें** अच्छी **सलाह दी।** (२१) मेरी **पेंसिल टूट गयी है।** (२२) बिजली का **तार टूट गया**। (२३) दादी जी ने चार बच्चों **का पालन किया है**। (२४) **उससे आपको कोई तकलीफ़ तो नहीं है।** (२५) **तकलीफ़ देने के लिये माफ़ कीजिये**। (२६) हम ने **उसको गंभीर चेतावनी दी**। (२७) यह बेग **नक़ली चमड़े से बना है**। (२८) मेरे लिये **पाँच रुपये अदा करना** ज़रूरी था।

10. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) अनेक देशों में उद्योगों के ... पर अधिक ध्यान दिया जाता है। (२) कैंसर जैसे ख़तरनाक रोग पर भी ...

पा लिया जा सकेगा। (३) मुझे सख़्त ... है सिर में बड़ा ... है और सारा ... टूट रहा है। (४) रोगों को रोकने के लिये तरह-तरह के ... लगाना ज़रूरी है। (५) स्वतंत्र होने के बाद भारत ने उद्योग और खेती के विकास पर बड़ा ... दिया। (६) उसे सिर में दर्द होने की ... है। (७) बीमारी से अच्छा हो जाने के बाद डाक्टर ने मुझे आराम करने के लिये दक्षिण जाने की ... दी। (८) नर्स ने मरीज़ का ... लिया। (९) डाक्टर ने मुझ से ... तक सब कपड़े उतारने को कहा। (१०) ... की बीमारियाँ ख़ास करके ख़तरनाक होती हैं। (११) रोग ... होने के कारण उसे अस्पताल भेजा गया था। (१२) ... से सुनिये ताकि आप सब बातें समझ सकें। (१३) आज कल उद्योगों का विकास बड़ी ... से हो रहा है। (१४) अगर आपने पाठ के सब शब्द अच्छी तरह सीख लिये हैं तो आप ख़ाली जगहों में ... से ज़रूरी शब्द लिख सकेंगे। (१५) उसने नया ओवरकोट ...। (१६) दवाएँ ... में बिकती हैं। (१७) रोगियों के लिये डाक्टरों की ... का सख़्त पालन करना ज़रूरी है। (१८) मैं डाक्टर से सलाह लेना चाहूँगा कि क्या ख़राब दाँत में ... कराऊँ या उसको निकलवाकर ... दाँत बिठवाऊँ? (१९) मेरी आँखों में ... है, मुझे ... की बड़ी ज़रूरत है। (२०) भिलाई कारख़ाने के बनाने में सोवियत ... ने अपने भारतीय मित्रों की बड़ी सहायता की (२१) ... जीवन में सभी सफलताओं का आधार है। (२२) मेरी बेटी की ... करके डाक्टर ने ज़रूरी दवा का ... लिखकर दिया। (२३) उसने गर्मियों में साइबेरिया जाने की बहुत अच्छी ... की।

11. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. В кабинет врача вошел пациент. «Садитесь, пожалуйста»,— сказал врач.— «На что вы жалуетесь? На головные боли? А вы гуляете перед сном? Каждый день перед сном необходимо гулять.

Разденьтесь, пожалуйста, до пояса, я вас выслушаю. Дышите. Хорошо, хватит. А теперь не дышите (साँस रोकना). Достаточно, спасибо. Покажите язык. Я думаю, что у вас грипп. Я пропишу вам лекарство, принимайте эти таблетки три раза в день и старайтесь больше лежать в постели. Грипп неопасная болезнь, гораздо опаснее осложнения после гриппа. Через три дня снова приходите ко мне. Я осмотрю вас, и если все будет в порядке, разрешу вам пойти на работу. На эти три дня я дам вам больничный лист. Когда выздоровеете, не забывайте о моем совете: обязательно гуляйте перед сном».

II. До 1947 года сотни тысяч людей в колониальной Индии умирали от всевозможных заболеваний. Особенно высока была детская смертность. Очень плохим было медицинское обслуживание населения. На одного врача приходилось более ста тысяч человек. Особенно мало врачей было в таких штатах, как Кашмир, Ассам, Нагалэнд. Сейчас один врач в Индии приходится на 2 165 жителей, а всего в Индии более 500 тысяч врачей. Врачей в Индии готовят более ста медицинских институтов. В Индии ликвидированы такие заболевания, как чума. Наиболее больших успехов индийская медицина достигла за последние годы.

III. Основной упор современная медицина делает на профилактику заболеваний. Прививки являются лучшим способом избежа́ть заболевания. У нас в стране в больших масштабах проводится вакцинация населения. Все прививки делаются бесплатно. После прививки опасность заболевания сводится на нет. Однако не все болезни можно предотвратить с помощью прививок. Так, например, до сих пор еще нет хорошей прививки против гриппа, самого распространенного инфекционного заболевания наших дней.

IV. Если у вас высокая температура, вам нет необходимости идти в поликлинику. Вы можете вызвать врача по телефону. Сестра в поликлинике запишет ваш адрес, и в течение дня к вам обязательно придет врач. В случае серьезного заболевания вас положат в больницу, где за вами будут наблюдать опытные врачи. Вам будут предоставлены все нужные лекарства. При необходимости вас будут осматривать самые крупные специалисты в данной области медицины. Сегодня во многих странах мира медики заботятся о здоровье человека. Люди гордятся достижениями медицины, своими врачами и сестрами. К услугам жителей планеты создана

огромная сеть медицинских учреждений. Придет тот день, когда человек победит многие болезни.

V. Каждый человек должен следить за своими зубами. Необходимо по крайней мере один раз в году показывать свои зубы врачу. Если за это время в зубе появится небольшое отверстие, врач запломбирует зуб. Не надо спешить с удалением зубов. Самый плохой зуб можно сначала запломбировать, а потом поставить на него коронку. Даже такой зуб лучше искусственного.

VI. Пожилые люди часто жалуются на свои глаза. Они начинают плохо видеть. Таким людям необходимо пойти к врачу. Исследовав глаза, врач пропишет им очки. Однако зрение иногда портится не только у пожилых людей, но и у молодежи. Молодые люди очень часто не заботятся о глазах. Они много читают и не дают глазам отдохнуть. Часто они читают лежа в постели, что особенно вредно (हानिकर) для глаз. Поэтому, если вы почувствовали, что у вас болят глаза, срочно обращайтесь к глазному врачу. Врач пропишет лекарство или очки для работы.

VII. (1) У ребенка жар, и вам необходимо вызвать врача. (2) У мальчика сильный насморк, его необходимо изолировать от остальных детей. (3) Наша бабушка кашляет уже несколько дней. У нее заложило грудь, и она тяжело дышит. (4) Необходимо строго соблюдать все предписания врача. (5) Врач нашей районной поликлиники посоветовал мне обратиться к хирургу. (6) Брат предупредил меня, чтобы я потеплее оделся, так как на улице очень холодно. (7) Хорошее здоровье является залогом всех жизненных успехов человека. (8) При переходе улиц надо соблюдать осторожность. (9) В больнице всем больным два раза в день измеряют температуру. (10) У меня очень болит горло.

12. इन कहानियों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य-सुरक्षा

भारतीय सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य के लिये पिछले सालों में बहुत काम किया है। पहले मलेरिया, हैज़ा, प्लेग, तपेदिक़ आदि रोगों के कारण लोग बड़ी संख्या में मर जाते थे। पिछले सालों में इन ख़तरनाक रोगों पर क़ाबू पाने की कोशिशें की गयी हैं। तरह-तरह के रोगों का इलाज करने

के लिये सारे देश में लगभग १० हज़ार अस्पताल और दवाख़ाने हैं। लगभग पाच लाख डाक्टर और अनेक हज़ार नर्सें रोगियों की देखभाल में लगे हैं। अस्पतालों में नयी क़िस्म के सब सामान और सब तरह की आवश्यक दवाइयों का उचित प्रबन्ध है। कुछ अस्पताल सिर्फ़ स्त्रियों के लिये हैं, कुछ सिर्फ़ बच्चों के लिये। पशुओं के इलाज के लिये विशेष अस्पताल भी हैं। इन अस्पतालों में ख़तरनाक से ख़तरनाक रोगों के इलाज और बड़े से बड़े आपरेशन[7] आदि की पूरी व्यवस्था है। बहुत सी नर्सें और अनुभवी डाक्टर दिन-रात रोगियों की देखभाल में लगे रहते हैं।

बीमारी के फैलने के मौसम में तो स्वास्थ्य के काम और भी ध्यान के साथ किये जाते हैं। टीके लगाये जाते हैं, मुफ़्त दवाइयाँ बाँटी जाती हैं और शहरों, गाँवों और घरों में सफ़ाई रखने की व्यवस्था की जाती है। गाँव-गाँव में ज़िले के अधिकारी सफ़ाई रखने और बीमारी को रोकने में लग जाते हैं और सरकारी डाक्टर नर्सों के साथ वहाँ जाकर रोगियों का इलाज करते हैं। जो दवाख़ाने गाँवों में खोले गये हैं वे भी इस काम में मदद देते हैं। इन दवाख़ानों में गाँववालों को मुफ़्त दवा मिलती है। आज कल अनेक गाँवों में छोटे-छोटे अस्पताल खोले जा रहे हैं।

बीमारियों और उनके इलाज के बारे में तरह तरह की जाँच करने के लिये देश में अनेक कार्यालय हैं। कलकत्ता में सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक इंस्टीट्यूट है। दिल्ली का मलेरिया इंस्टीट्यूट मलेरिया से बचने के तरीक़ों की तलाश करता है। बंबई के "हवकीन इंस्टीट्यूट" में भिन्न-भिन्न टीके तैयार किये जाते हैं। डाक्टरों की शिक्षा के लिये देश में ४४ कालेज[8] हैं। ६ कालेजों में दाँत की बीमारियों का इलाज करने की शिक्षा दी जाती है और तीन कालेजों में नर्सों

---

[7] आपरेशन 'операция'.

[8] कालेज 'колледж'.

की शिक्षा का प्रबन्ध है। इसके अलावा अनेक कालेजों में देशी[9] तरीक़े के इलाज की शिक्षा दी जाती है।

यास्नाया पोलियाना की यात्रा

(एक भारतीय यात्री के संस्मरण)

विश्व-साहित्य में ही टाल्स्टाय का ऊँचा, बहुत ऊँचा स्थान है। भारत में इनका नाम बहुत प्रसिद्ध है। इसलिये मास्को पहुँचने पर मैं ने रुसी लेखक संघ के अधिकारियों से कह दिया था कि मैं यास्नाया पोलियाना की यात्रा ज़रूर करूँगा और उन्हों ने उसकी व्यवस्था कर दी। हम पाँच व्यक्ति मास्को से मोटर द्वारा रवाना हुए। तीन थे युरोपीय लेखक, चौथा हमारा दुभाषिया और पाँचवाँ मैं।

यास्नाया पोलियाना मास्को से कोई दो सौ किलोमीटर दूर है। इसलिये कि शाम को लौटने में बड़ी देर न हो जाय, हम लोग बड़े सवेरे रवाना हुए। रास्ता बड़ा ही साफ़-सुथरा और सुंदर था। लगभग सौ किलोमीटर तक मास्को ज़िले में चल रहे थे, अंत में सेरपूख़ोव नगर और ओका नदी को पार करने पर तुला ज़िला शुरू हो गया। लगभग ११ बजे ऊँचे पेड़ों के छोटे से पार्क के निकट हमारी मोटर रुकी[10]। दुभाषिये ने कहा, "अब हम यास्नाया पोलियाना के पास आ गये हैं। आइये, कुछ खा-पी लें।" दुभाषिया साथ में[11] जो खाना लाया था, उसे खा-पीकर आगे बढ़े। कुछ आगे जाकर एक द्वार मिला जो बंद था। मोटर की आवाज़ सुनकर एक आदमी आया और उसने द्वार खोल दिया। दुभाषिया बोला, "अब हम जल्दी ही टाल्स्टाय के बाग़ में प्रवेश करनेवाले हैं।"

---

[9] देशी 'местный', 'отечественный'.

[10] रुकना 'останавливаться'.

[11] साथ में 'с собой'.

मैं कुछ सोचने लगा, इतने में मोटर एक इमारत के सामने जाकर खड़ी हो गयी। हम लोगों के उतरने पर एक रूसी व्यक्ति ग्रा गये। उनका नाम था निकोलाई पूज़िन, जो टाल्स्टाय के घर के संरक्षक[12] थे। वह हमें ग्रंदर ले गये। रास्ते में बोले, "ग्रपने जीवन के ८२ सालों में से टाल्स्टाय ६० सालों से कुछ ज़्यादा यहाँ पर रहे थे। यहाँ पर वह पैदा हुए थे ग्रौर यहाँ वह काम करते थे। इस मकान में उन्हों ने कोई दो सौ पुस्तकें लिखीं। सारा मकान ठीक वैसी ही हालत में रखा गया है, जैसा कि टाल्स्टाय के ज़ीवन के समय में था।"

पूज़िन ग्रँग्रेज़ी नहीं जानते थे। वह रूसी में बोलते थे ग्रौर हमारे दुभाषिया ग्रँग्रेज़ी में समझाते थे। बातों बातों में हमने टाल्स्टाय के मकान में प्रवेश किया। नीचे की मंज़िल के सब से पहले कमरे में टाल्स्टाय का पुस्तकालय था, जिस में २८ ग्रलमारियों में विभिन्न विषयों तथा भाषाग्रों की लगभग २२ हज़ार पुस्तकें थीं। टाल्स्टाय ख़ूब पढ़ते थे। रूसी के ग्रलावा वह १३ दूसरी भाषाएँ जानते थे। पुस्तकालय से कुछ सीढ़ियाँ चढ़कर उनकी बैठक में पहुँचे। वह उनका भोजन का भी कमरा था। उस में मेज़ पर रकाबियाँ ग्रादि ठीक पहले की तरह रखी हैं; एक ग्रोर पियानो है। टाल्स्टाय के कुछ चित्र भी हैं। पूज़िन ने बताया कि टाल्स्टाय प्रतिदिन साढ़े सात बजे सोकर उठते थे ग्रौर ग्रपना कमरा ख़ुद साफ़ करके घूमने चले जाते थे। लौटकर कॉफ़ी पीते थे ग्रौर डाक देखते थे, फिर डेढ़ बजे तक बराबर काम करते थे। २ बजे भोजन करते थे। शाम को कोनेवाली मेज़ के पास सोफ़े तथा कुर्सियों पर परिवार के सब लोग बैठ जाते थे ग्रौर टाल्स्टाय कुछ पढ़कर सुनाते थे।

उसके ग्रागे का कमरा छोटी बैठक है। यहाँ टाल्स्टाय की

---

[12] संरक्षक 'смотритель'.

मूर्त्तियों, फ़र्नीचर तथा चित्रों के बीच एक बड़ा सुंदर चित्र लटका है जिस में टाल्स्टाय कुछ लिखने में व्यस्त हैं। इसके बाद आता है टाल्स्टाय का कमरा। एक ओर टाल्स्टाय की पढ़ने-लिखने की मेज़ है, बड़ी मामूली सी। इसके पास ही एक तख़्ते पर कुछ पुस्तकें रखी हैं। अपने जीवन के अंतिम आठ सालों में टाल्स्टाय इस कमरे में बैठकर पढ़ते-लिखते थे। इस मेज़ पर बैठकर उन्हों ने बहुत सी कहानियाँ और पत्र लिखे थे। कमरे में बहुत से चित्र लगे हैं। एक ओर को कुछ और पुस्तकें हैं, जिन में डिकिन्स आदि विदेशी लेखकों की किताबें भी हैं।

उसके बाद टाल्स्टाय का सोने का कमरा है, जिस में एक पलंग पड़ा है। एक मेज़ पर हाथ धोने के लिये बर्तन, सुराही, तौलिया आदि हैं। घर देखने के बाद हम लोग बाहर आये। पूज़िन ने हमें एक जगह दिखाई जहाँ वह मकान था जिसमें टाल्स्टाय पैदा हुए थे। पुराना होने से वह मकान टूट गया और उसका सामान नये मकान के बनाने के काम में आ गया। कुछ आगे हमने वह स्कूल देखा, जो टाल्स्टाय ने यास्नाया पोलियाना गाँव के किसानों के बच्चों को पढ़ाने के लिये खोला था और उनके लिये बहुत-सा साहित्य तैयार किया था। अब वहाँ संग्रहालय है।

लौटते समय यास्नाया पोलियाना का छोटा सा गाँव भी देखा। दुभाषिये ने बताया कि अब तो इस गाँव का बहुत विकास हो गया है। स्कूल, पुस्तकालय, अस्पताल खुल गये हैं जो टाल्स्टाय के ज़माने में नहीं थे।

13. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Древняя культура Индии и ее трудолюбивый (मेहनती) народ всегда глубоко интересовали представителей русской культуры. Пятьсот лет тому назад русский купец из города Твери (त्वेर) Афанасий Никитин, за тридцать лет до Васко да Гама (वास्को दा गामा), совершил путешествие в Индию. В 1466 го-

ду выехав из древней Твери, он по Волге вышел к берегам Каспийского моря и через (से होकर) земли многих стран добрался до Индии. Афанасий Никитин изучил культуру Индии, жизнь и обычаи ее народа, замечательную архитектуру (वास्तु-कला *ж.*) индийских городов. Обо всем, что он видел, Никитин написал в своей книге «Хождение за три моря» (तीन समुद्रों के पार की यात्रा).

Теперь город Тверь — большой город. Недавно там, на берегу Волги, у места, откуда Афанасий Никитин отправился в далекую Индию, ему поставлен памятник (यादगार *ж.*). Известный индийский писатель Ходжа Ахмад Аббас (ख़्वाजा अहमद अब्बास), заинтересовавшись путешествием Никитина, написал киносценарий (फ़िल्म-कहानी *ж.*) о его путешествии. По этому сценарию был сделан фильм.

Двести лет назад совершил путешествие в Индию другой русский путешественник — Герасим Лебедев (हेरासिम लेबेदेव). Он создал в Калькутте первый в истории Индии театр европейского типа.

Большой интерес к Индии проявляли и русские художники. Два раза посетил Индию известный русский художник (चित्रकार *м.*) Верещагин (वेरेस्चागिन). Возвращаясь, он каждый раз привозил новые картины. Особенно большое впечатление производит его картина «Тадж Махал». Начиная с 1950 года Индию стали посещать и российские художники. На их картинах можно увидеть современную жизнь индийского народа, виды городов, прекрасные образцы индийской архитектуры и скульптуры (मूर्ति–कला *ж.*). В Индии побывали также многие советские писатели, ученые, артисты театра и кино. Российские люди с интересом слушают по радио (रेडियो से) и читают их рассказы о путешествиях по Индии, о жизни в этой далекой и близкой стране.

II. Эта делегация индийских писателей прибыла в Россию в начале июня. За несколько дней в Москве индийские друзья побывали в Кремле, осмотрели его дворцы, побывали на Красной площади. Члены индийской делегации посетили также Ясную поляну, где

жил великий русский писатель Л. Н. Толстой, который вел интересную переписку с Ганди (गांधी). Экскурсанты осмотрели дом-музей Толстого. В кабинете Толстого они обратили внимание на книги об Индии и произведения индийских писателей. С интересом осматривали индийские друзья библиотеку Толстого, комнаты для приезжающих, в которых останавливались писатели Горький (गोर्की), Тургенев (तुर्गेनेव) и др. Делегаты осмотрели также литературный музей, находящийся в школе, которую основал писатель.

14. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

स्वास्थ्य, सफलता, बीमार, बदन, तापमान, विकास, बीमारी, चिकित्सा, सुझाव, विशेषज्ञ, तंदुरुस्ती, जाँच, बचाव।

15. किसी डाक्टर के बारे में एक कहानी लिखिये।

16. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

डाक्टर – आइये। यहाँ बैठिये।

मरीज़ – नमस्ते, डाक्टर साहब।

– नमस्ते जी, क्या शिकायत है?

– बहुत ख़राब हो गयी है मेरी तबीअत। नज़ला है, सिर में दर्द है और बदन टूट रहा है। सारी रात सो नहीं सका।

– खाँसी[13] भी है?

– जी हाँ, लेकिन ख़ुश्क। साँस लेने में तकलीफ़ है और मेरा गला बैठ गया है।

– खाँसी कब से है?

– खाँसी तो बहुत दिनों से है लेकिन अब वह ख़ुश्क हो गयी है।

– क्या आपको बुख़ार भी है?

– बुख़ार कभी-कभी हो जाता है, लेकिन जल्दी ही उतर जाता है।

– अब टेम्पेरेचर कितना होगा?

---

[13] खाँसी 'кашель'.

—अब तो बहुत मामूली मालूम होता है।

—अच्छा जी, अब तो ज़बान दिखाइये, हाँ, गला अच्छा नहीं है। कमीज़ उतारिये (डाक्टर मरीज़ की परीक्षा करता है और थरमामीटर लगाकर टेम्पेरेचर लेता है)। अब टेम्पेरेचर तो देखूँ। अड़तीस डिग्री बुख़ार है और आपका सारा सीना जकड़ा है। लेकिन कोई ख़ास ख़तरा नहीं है। मामूली फ़्लू है। सावधानी बरत लीजिये क्योंकि फ़्लू के नतीजे बहुत बुरे होते हैं। आपने बहुत अच्छा किया कि मेरे पास आये। शुरू ही में बीमारी का निदान कर लेना बहुत महत्त्वपूर्ण बात है।

—आप मुझे कोई दवा तो देंगे?

—ज़रूर। यह नुस्ख़ा लिखकर देता हूँ।

—बीमार होकर मैं "अस्प्रो" नामक दवा की बहुत सी गोलियाँ खा चुका हूँ। इससे कोई नतीजा नहीं निकला यानी बीमारी की हालत में कुछ फ़र्क़ नहीं पड़ा।

—मुझे उम्मीद है कि यह दवा आपके लिये लाभदायक होगी।

—यह दवा कितनी बार खाना ज़रूरी है?

—दो-दो गोलियाँ, तीन बार, चार-चार घण्टे के बाद ही खाइये।

—खाने से पहले या खाने के बाद?

—खाने के बाद। एक और बात। प्रार्थना है कि आप लेटे रहें और आराम करें। आपको पलंग से उठने की इजाज़त नहीं।

—अच्छा, हिदायत का पालन करूँगा। डाक्टर साहब, फिर कब आऊँ?

—सोमवार को मैं आपका इंतज़ार करूँगा।

—बहुत शुक्रिया।

—कोई बात नहीं। अच्छा हो जाइये। नमस्ते जी।

—नमस्ते, डाक्टर साहब।

17. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

455 987 352; 973 637 246; 357 968 873; 763 697 356; 906 734 851; 658 933 609; 284 848 469; 889 555 418; 339 655 916; 167 909 819.

18. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

९९ करोड़ ८८ लाख ७७ हज़ार ६६६; ६ करोड़ ६४ लाख ८७ हज़ार ४५६; ५ करोड़ ६० लाख; ६ करोड़ ६३ लाख ४ हज़ार ७७९; ८६ करोड़ ७९ लाख ९४ हज़ार ६५८; ८५ करोड़ ३ लाख।

चुटकुले

१) एक आदमी ने किसी भूखे से पूछा—दस और दस कितने? उसने जल्दी ही जवाब दिया कि बीस रोटियाँ। सच है जिस चीज़ की आवश्यकता होती है उसका ही ख़्याल रहता है।

२) डाक्टर—रोगी को पूरे तौर पर आराम करना ज़रूरी है, मैं यह सोने की गोलियाँ देता हूँ।

—यह गोलियाँ मैं उन्हें कब दूँ?—रोगी की पत्नी ने पूछा।

—उन्हें देने की आवश्यकता नहीं, तुम ख़ुद खा लेना।

दोहराव

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Подайте ему, пожалуйста, тарелку, ложку, нож и вилку. (2) В этом журнале есть очень интересные рассказы. (3) Это очень простой вопрос. Любой школьник может на него ответить. (4) Вот письмо, о котором мой отец вам говорил. (5) Брат познакомился с ними в одном маленьком южном городе. (6) Какой-то человек ждет вас в вестибюле. (7) Кто принес книгу?—Какой-то мальчик. (8) Кто эта женщина?—Она жена одного инженера, который работает на нашем заводе. (9) Какой-то человек звонил вам сегодня утром по телефону. (10) Я знал их, когда они еще были студентами. (11) Гопеш родился в одном маленьком городе недалеко от Дели. (12) Когда преподаватель

вошел в аудиторию, студенты встали. (13) Рёбенку легче изучать иностранный язык. (14) Когда мы вышли из машины, то увидели маленький домик. Крыша домика была выкрашена в зеленый цвет. (15) Какой прекрасный день! (16) Какая теплая погода! (17) Это такой интересный рассказ! (18) Для перевода это очень легкий урок. (19) Это довольно интересная книга. (20) Книга, которую я только что прочитал, мне понравилась. (21) Февраль — самый короткий месяц в году. (22) В прошлом году мы тратили на английский язык меньше времени, чем в этом. (23) Новое здание Московского университета — одно из самых высоких зданий Москвы. (24) Большинство моих товарищей — студенты. (25) Вчера вечером я ждал автобус на улице Горького. Я заметил, что человек, который стоял рядом со мной, внимательно смотрит на меня. Он мне показался очень знакомым. Это был мой старый школьный товарищ, которого я не видал с 1950 года. Я был очень рад, что встретил его. (26) Брат сказал, что он обедал, когда пришла эта женщина. (27) Если письмо будет отослано сегодня, отец получит его в понедельник. (28) Они смогут прочитать эту книгу, когда она будет переведена на русский язык. (29) Нам сказали, что он уехал на завод и что его ожидают не раньше 8 часов. (30) Эту работу нельзя сделать за два часа. (31) Эту книгу можно достать в нашей библиотеке. (32) Мы уже пришли домой, когда пошел дождь.

УРОК XVI

ГРАММАТИКА

ГЛАГОЛ

ДЕЕПРИЧАСТИЕ МГНОВЕННОГО ПРЕДШЕСТВОВАНИЯ

Деепричастие мгновенного предшествования образуется сочетанием косвенного причастия (деепричастия несовершенного вида) с частицей ही. Данное сочетание используется для обозначения добавочного действия, непосредственно предшествующего основному действию.

Данное деепричастие на русский язык обычно переводится придаточным предложением с союзом «как только».

Форма причастия в сочетании не зависит от рода, лица, числа и падежа подлежащего предложения, к сказуемому которого относится данное сочетание, например: पहुँचते ही मैं अपने दोस्त से मिलने गया 'Как только прибыл, я направился навестить своего друга'; आते ही वह एक चिट्ठी लिखने लगा (लगी, लगे) 'Как только пришел (пришла, пришли), он (она, они) стал (стала, стали) писать письмо'; यह ख़बर सुनते ही माँ ने बेटे को एक तार भेज दिया 'Как только мать услышала эту новость, [она] отправила сыну телеграмму'.

В приведенных выше примерах субъект причастия в сочетании и подлежащее предложения совпадают. Однако причастие с частицей ही часто имеет свой субъект, который может и не совпадать с подлежащим предложения. В таких случаях субъект причастия выражается либо словарной формой имени, либо его косвенной формой или местоимения 3-го лица с послелогом के, например: मेरी छुट्टियाँ शुरू होते ही हम दोनों कहीं जाना चाहते हैं 'Как только начнутся мои каникулы, мы оба хотим куда-нибудь поехать'; मरीज़ के आते ही डाक्टर ने उसे बैठने

को कहा 'Как только больной вошел, доктор велел ему сесть'; उसके चिट्ठी लिखते ही हम डाकख़ाने गये 'Как только он написал письмо, мы пошли на почту'.

Если субъект деепричастия — местоимение 1-го и 2-го лица, он выражается косвенной формой соответствующего притяжательного местоимения, например: मेरे जाते ही वह अख़बार पढ़ने लगा 'Как только я ушел, он начал читать газету'; तुम्हारे आते ही वह चुप हो गयी 'Как только вы вошли, она замолчала'.

Данное деепричастие об общем плане выражает действие, предшествующее по времени действию личной формы глагола. Действие, обозначаемое этим деепричастием, соотносится во временном плане с действием основного глагола. Так, если глагол-сказуемое выступает в форме настоящего времени, то деепричастие передает действие, соответствующее плану настоящего времени: शिक्षक के क्लास आते ही विद्यार्थी उठ जाते हैं 'Как только преподаватель входит в класс, студенты встают'.

Если глагол-сказуемое выражается формой прошедшего времени, данное деепричастие обозначает предшествующее прошедшее время, например: कुत्ते को देखते ही बच्चा डरकर रो उठा 'Как только ребенок увидел собаку, [он] испугался и расплакался.'

Когда глагол-сказуемое стоит в будущем времени, деепричастие выражает предшествующее будущее время, например: घर आते ही मैं उसे टेलीफ़ोन करूँगा 'Как только приду домой, я позвоню ему'.

Значение непосредственно предшествующего добавочного действия иногда передается также и сочетанием частицы ही с повтором простого деепричастия несовершенного вида, например: आते ही आते उस ने कहा 'Как только вошел, он сказал'.

Инфинитивные предложения долженствования являются разновидностью «дативных» предложений, в которых субъект — участник действия — выступает с послелогом को, а сказуемое выражается инфинитивом в сочетании с модальными глаголами или модальным словом. Подобные конструкции передают различные оттенки моральной обязанности совершить действие, т.е. оттенки необходимости, вынужденности, желательности и т.п.

Сказуемое в инфинитивных предложениях долженствования по структуре является составным глагольным. Оно выражается сочетанием инфинитива глагола, обозначающего действие, которое должно быть совершено, с модальным словом глагольного происхождения चाहिये 'надо', 'нужно', 'следует' (вежливая форма повелительного наклонения глагола चाहना 'хотеть') и формами глаголов होना 'быть' и पड़ना 'падать', 'случаться', 'доставаться', 'выпадать на долю'.

Субъект действия в инфинитивных предложениях долженствования бывает выражен либо косвенной формой имени или местоимения с послелогом को, либо объектным падежом местоимения, например: विद्यार्थियों को बहुत पढ़ना चाहिये 'Студентам надо много читать'; हम को (हमें) जाना है 'Нам надо уйти', 'Мы должны уйти'.

В инфинитивных предложениях долженствования сочетание инфинитива и модального слова चाहिये 'надо', 'нужно', 'следует' передает значения надобности, нужности (а в отрицательных предложениях — ненадобности, ненужности) совершения обозначенного инфинитивом действия. Непосредственно значение долженствования сочетание с चाहिये выражает несколько реже. Примеры: उसको आज यह काम करना चाहिये 'Ему сегодня надо сделать эту работу'; मुझे उन से मिलना चाहिये 'Мне нужно встретиться с ними', 'Я должен встретиться с ними'. Для передачи этих же значений в прошедшем времени к сочетанию инфинитива и модального слова चाहिये присоединяется связка прошедшего времени

था, например: आपको यहाँ कल आना नहीं चाहिये था 'Вам не следовало приходить сюда вчера'.

Сочетания инфинитива с चाहिये обычно используются:

1. Для выражения надобности совершения действия, обусловленного какими-то причинами, например: मुझे अभी (कल) वहाँ जाना चाहिए 'Мне нужно пойти туда сейчас (завтра)'; आपको डाक्टर की सलाह लेनी चाहिये 'Вам нужно посоветоваться с врачом'.

2. Для выражения желательности, целесообразности совершения действия, например: हमें सभा में इस सवाल पर भी विचार करना चाहिये था 'Нам следовало (надо было) обсудить на собрании и этот вопрос'.

3. Для выражения совета, наставления, например: उसको सावधानी बरतनी चाहिये 'Ему следует соблюдать осторожность'.

Сочетание инфинитива с формами глагола होना наиболее часто употребляется для выражения значения долженствования. Для передачи значения долженствования употребляются, как правило, несовершенные формы глагола होना (например: है, था, होगा и др.), причем форма будущего I глагола होना служит и для выражения оттенка надобности, нужности в будущем времени. Сочетания инфинитива с होना используются преимущественно для выражения необходимости совершения действия, вытекающей из предварительной договоренности или заранее намеченного плана, например: मुझे जाना है (था, होगा) 'Я должен (был, буду) уйти'; माँ को कल पहुँचना था 'Мать должна была приехать вчера'; कल हम को यहाँ आना होगा 'Нам надо будет прийти сюда завтра'; हमें सात बजे मिलना है 'Мы должны встретиться в семь часов'; मुझे उसको तार भेजना था लेकिन मैं भूल गया 'Я должен был послать ему телеграмму, но я забыл'.

В инфинитивных предложениях долженствования в качестве второй части составного глагольного сказуемого иногда употребляется форма прошедшего совершенного времени и сложные фор-

мы настоящего и прошедшего несовершенного времени глагола होना 'быть'. Первое имеет место тогда, когда необходимо выразить оттенок вынужденности, но не в смысле неизбежной предопределенности, а в значении случайности, единичности действия, например: मुझे अपने दोस्त के लिये वहाँ रहना हुआ 'Мне пришлось (довелось) остаться там ради друга'.

Сложные формы настоящего и прошедшего времени глагола होना передают значение обычности действия, выраженного инфинитивом, которое по необходимости приходится (или приходилось) совершать, например: उसे यहाँ आना होता है (था) 'Ему приходится (приходилось, доводилось) приходить сюда'.

